

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853 9802414328


दैनिक
# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब, बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

राष्ट्रीय सलाहकार संपादक-श्री कृष्णराज अरुण अध्यक्ष,नॉर्थ जोन- न्यूजपेपर्स एसोसिएशन आफ इंडिया NAI दिल्ली 92.

वर्ष: 1 अंक: 171 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) गुरुवार 06 अप्रैल 2023 http://samajjagran.in पेज 08 मूल्य 05 रुपया


## हनुमान जयंती को लेकर पश्चिम बंगाल में अलर्ट,

# गृह मंत्रालय ने केंद्रीय बलों की तैनाती की




केंद्रीय गृह मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि हनुमान जयंती के दौरान पश्चिम बंगाल में राज्य पुलिस की सहायता के लिए केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को तैनात किया गया है. इससे पहले मंत्रालय ने रामनवमी के दौरान पश्चिम बंगाल और बिहार में हुई सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं के मद्देनजर सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को छह अप्रैल को हनुमान जयंती के अवसर पर कानून-व्यवस्था एवं शांति सुनिश्चित करने तथा समाज में सांप्रदायिक सद्भाव को बाधित करने वाले संभावित तत्वों पर नजर रखने का निर्देश दिया.

गृह मंत्री के एक प्रवक्ता ने बुधवार देर शाम ट्वीट किया, ह्यह्यहनुमान जयंती के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने में राज्य पुलिस की सहायता के लिए पश्चिम बंगाल में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों को तैनात किया गया है."

गृह मंत्री के कार्यालय ने ट्वीट किया, ह्यह्यराज्य/केंद्रशासित प्रदेश की सरकारों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने, त्योहार के दौरान शांति कायम रखने और समाज में सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ने की आशंका वाले हर प्रकार के कारक पर नजर रखने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है."

रामनवमी की शोभायात्राओं को लेकर पिछले कुछ दिन में पश्चिम बंगाल के हुगली और हावड़ा जिलों में झड़प, आगजनी एवं बमबारी की घटनाएं हुई हैं. इन घटनाओं के दौरान हावड़ा में कई वाहनों को आग लगा दी गई और कई दुकानों में तोड़फोड़ की गई थी. पश्चिम बंगाल के रिसड़ा कस्बे में रविवार को रामनवमी की शोभायात्रा के दौरान झड़प की सूचना मिली थी. इस शोभायात्रा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दिलीप घोष और पुरसुरा से पार्टी के विधायक बिमान घोष मौजूद थे. हिंसा में विधायक घायल हो गए थे और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

पास के श्रीरामपुर शहर के कुछ हिस्सों में भी तोड़फोड़ की घटनाएं हुईं, जिसके बाद निषेधाज्ञा लागू कर दी गई और इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दी गईं. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पश्चिम बंगाल के हावड़ा जिले में रामनवमी के दौरान हुई हिंसा पर मंगलवार को राज्य सरकार से एक विस्तृत रिपोर्ट मांगी. बिहार के सासाराम और बिहारशरीफ कस्बों में भी 30 और 31 मार्च को सांप्रदायिक हिंसा भड़क गई थी जिसके बाद वाहनों, घरों और दुकानों को आग लगा दी गई थी तथा कई लोग इसमें घायल हो गए थे. इस मामले में 170 लोगों को गिरफ्तार किया गया है.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इन घटनाओं को लेकर चिंता जताई थी और बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर से स्थिति का जायजा लेने को कहा था. गृह मंत्रालय ने स्थिति से निपटने में राज्य प्रशासन की सहायता के लिए बिहार में अतिरिक्त अर्धसैनिक बल भी भेजे थे. सासाराम में निषेधाज्ञा लागू होने के बाद शाह ने दो अप्रैल को वहां का अपना प्रस्तावित दौरा रद्द कर दिया था.


## आग की विनाशलीला में 12 बीघा फसल जलकर राख

- कोपागंज के काछीकला गांव में अज्ञात कारणों से लगी आग
- घंटो मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने आग पर पाया काबू

**अनुराग सिंह,**
**दैनिक समाज जागरण**



कोपागंज, मऊ : स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कछिकाला में बुधवार की सुबह लगभग 11 बजे अज्ञात कारणों से लगी आग से खड़ी फसल में आग लग गयी आग लगते ही इतनी भयावह हो गयी अगल बगल के कई खेतो को अपने चपेट में ले लिया। जिससे करीब 12 बीघा फसल जलकर राख हो गयी। आग की खबर मिलते ही गांव वाले खेतो की तरफ दौड़े लेकिन उसे बुझाने में वह नाकाम रहे। पछुवाँ हवा ने आग में घी का काम किया जिससे आग की भयावहता इतनी अधिक हो गयी थी कि कोई उसके नजदीक जाने की हिम्मत नही जुटा पा रहा था। थोड़ी ही देर में पहुंची फायर विग्रेड कर्मियों ने दो काफी मशक्क्त के बाद आग पर काबू पाया। वही जिस किसानों की फसल उनके आंखों के सामने जल रही थी वह सिर्फ मूक दर्शक बनकर तमाशबीन बने हुए थे क्योंकि आग की लपट के चलते वहाँ जाने की हिम्मत नही जुटा पाए। आग की सूचना जैसे ही आस पास के लोगो को हुई सभी खेतो की ओर दौड़े लेकिन आग की लपटों को देखते हुए सिर्फ दर्शक ही बने रहे। आगलगी की इस घटना में किसान जय प्रकाश राय, प्रमोद राय, रमाकांत राय, अखिलेश राय, सुधाकर राजभर , खीरु राजभर ,भृगु राजभर अभिनाश राजभर,जयराम ,प्रबीन ,टिल्हू त्रिभुवन विनय कुमार राय निखिल कुमार राय आदि का 12 बीघा गेंहू की फसल जलकर राख में तब्दील हो गई। हालांकि आग लगी की घटना के बाद राजस्व कर्मी मणीन्द्र मौर्या और थानाध्यक्ष अमित कुमार मिश्रा किसानो के नुक्सान का आकलन लगाने में लगे रहे ।




## राहुल गांधी को अयोध्या के संत से मिली अनोखी पेशकश, कहा- अगर वो चाहें तो...

राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता और उनके सरकारी आवास को खाली कराने के मुद्दे पर इन दिनों देश की राजनीति गर्माई हुई है. इसको लेकर कांग्रेस ने अपने नेता के पक्ष में अभियान चलाया है जिसमें यह कहा गया कि, ह्यमेरा घर राहुल का घरह्न. पूरे देश के कांग्रेसी नेता अपने घर पर इस कैंपेन का पोस्टर लगाकर राहुल गांधी को निमंत्रण दे रहे हैं.

## इस महीने लगने वाला है साल का पहला सूर्य ग्रहण, सभी 12 राशियों पर पड़ेगा इसका असर

**दैनिक सामाज जागरण अनिल कुमार पांडे**
**अनुमंडल संवाददाता ~शेरघाटी (गया)**

इमामगंज ( बिहार) ज्योतिष शास्त्र के अनुसार समय-समय पर सूर्य और चंद्र ग्रहण पड़ते हैं। जिनका प्रभाव मानव जीवन के साथ-साथ पृथ्वी पर भी पड़ता है। साल 2023 के अप्रैल महीने में भी ऐसा होने वाला है। अप्रैल महीने में पड़ने वाले इस सूर्य ग्रहण का प्रभाव सभी राशियों पर देखने को मिलने वाला है।

वहीं, 3 राशियों के लोगों को इस सूर्य ग्रहण का लाभ भी होने वाला है। इस समय इन राशि के लोगों को धनलाभ और उन्नति के योग बन रहे हैं।




### कैसे लगता है सूर्य ग्रहण

ज्योतिष और खगोल शास्त्र में सूर्य ग्रहण के विषय में विस्तार से बताया गया है। बता दें कि जब सूर्य और पृथ्वी की रेखा में चन्द्रमा आ जाता है, तो इसे सूर्य ग्रहण के नाम से जाना जाता है। इस खगोलीय घटना से पृथ्वी के कुछ हिस्सों में रौशनी कम हो जाती है। ज्योतिष शास्त्र में बताया गया है कि सूर्य का प्रभाव 12 राशियों पर सकारात्मक व नकारात्मक रूप से पड़ता है।

***इस राशि के जाकत रहे सावधान***

वहीं, कुछ राशियां जैसे- सिंह, मेष और कन्या राशि के जातकों को सूर्य ग्रहण की अवधि में सतर्क रहने की आवश्यकता है। इस दौरान मानसिक तनाव, बुरे सपने, कार्यक्षेत्र में समस्याएं और घर-परिवार में वाद-विवाद जैसी परेशानियां उत्पन्न हो सकती हैं।

## NCERT किताबों से महात्मा गांधी, RSS और गोडसे को 'चुपचाप' हटाया गया... जानें क्या बोले काउंसिल चीफ

राष्ट्रीय शिक्षा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के शीर्ष अधिकारी ने महात्मा गांधी, राष्ट्रीय



स्वयंसेवक संघ (आरएसएस), गांधी के हत्यारे नाथूराम गोडसे और 2002 के गुजरात दंगों सहित कई विषयों को नये शैक्षणिक सत्र के लिए कक्षा 11 और 12 के राजनीति विज्ञान, इतिहास और समाजशास्त्र की पाठ्यपुस्तकों से ह्यचुपचापह्न हटाने को ह्यनिगरानी का मामलाह्न बताया है. एनसीईआरटी ने हालांकि यह दावा किया है कि इस वर्ष पाठ्यक्रम में कोई काटछांट नहीं की गई है और पाठ्यक्रम को पिछले वर्ष जून में युक्तिसंगत बनाया गया था.

## बीड़ - बिलिंग में पैराग्लाइडिंग की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन गौरव की बात : आर एस बाली

### *हिमाचल पर्यटन को बढ़ावा देने पर व्यय होंगे 1311 करोड़*

**चंडीगढ़ -सीपीएच प्रमुख कृष्ण राज अरुण**
**-दैनिक समाज जागरण -**

शिमला /बैजनाथ, 5 अप्रैल : ( टीना ठाकुर राजधानी ब्यूरो प्रमुख ) हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के चेयरमैन एवं हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष आर एस बाली ने 5 से 9 अप्रैल तक आयोजित होने वाली एक्यूरेसी पैराग्लाइडिंग प्री-वर्ल्ड कप 2023 का शुभारंभ। मुख्य संसदीय सचिव एवं बैजनाथ के विधायक किशोरी लाल इस अवसर पर विशेष रूप में उपस्थित रहे।

**मानव परिंदो से गुलजार हुई घाटी, 103 प्रतिभागियों ने भरी उड़ान**

एक्यूरेसी पैराग्लाइडिंग प्री-वर्ल्ड कप 2023 कटागिरी-दो में कुल 142 प्रतिभागियों ने अपना पंजीकरण करवाया है। आज प्रतियोगिता में 103 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में भारत सहित अमेरिका, नेपाल स्पेन और नीदरलैंड के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता में 95 पुरुष जिसमें 74 भारतीय और 21 विदेशी प्रतिभागी शामिल हैं। जबकि महिलाओं में 8 प्रतिभागी हैं जिसमें पांच भारतीय और 3 प्रतिभागी विदेशी हैं। प्रतियोगिता में भारतीय सेना के 10 नौसेना से एक, वायु सेना के एक तथा पैरामिलिट्री फोर्स के 5 प्रतिभागी भी भाग ले रहे हैं।

**हवन के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ**

प्रतियोगिता से पूर्व आर एस बाली ने प्रतियोगिता के सफलता पूर्वक आयोजन एवं पायलट्स की सुरक्षा के लिए रखे गये हवन में पूर्ण आहुति डाली। उन्होंने हरी झंडी देकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

बाली ने कहा कि बीड़-बिलिंग में अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता का आयोजन इलाके, प्रदेश और देश के लिये गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि बिलिंग घाटी पैराग्लाइडिंग के लिये अपनी विशेषताओं के चलते दुनियांभर की सर्वक्षेष्ठ जगहों में आंकी जाती है। उन्होंने बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन को भव्य अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता की बधाई दी और सफलता पूर्वक आयोजन के लिये सामूहिक प्रयासों की सराहना की। उन्होंने एसोसिएशन को बिलिंग में पैराग्लाइडिंग के वर्ल्ड कप के आयोजन के लिये भी सभी मापदंड पूरे करने के प्रयास करने का सुझाव दिया।

**पैराग्लाइडिंग गतिविधियों को बढ़ाने पर हर संभव सहयोग करेगी सरकार**




उन्होंने कहा कि पर्यटन विभाग ने बिलिंग में पैराग्लाइडिंग प्रतियोगिता के लिए 25 लाख रुपए दिए हैं और बीड़ में ऐरो स्पोर्ट्स हॉस्टल का निर्माण भी पर्यटन विभाग द्वारा लगभग 12 करोड़ से किया गया था ताकि इस क्षेत्र में पैराग्लाइडिंग गतिविधियों को बढ़ावा मिले। उन्होंने पैराग्लाइडिंग को बढ़ावा देने के लिये सरकार की ओर से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

**प्रदेश के पर्यटन बजट में 10 गुणा की वृद्धि**

उन्होंने कहा कि प्रदेश में पहली बार पर्यटन विभाग के बजट में 10 गुणा वृद्धि कर वार्षिक बजट को 50 करोड़ से साढ़े 500 करोड़ किया गया है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा को पर्यटन राजधानी के रूप में विकसित करने का निर्णय मुख्यमंत्री की दूरदर्शिता का प्रमाण है।

उन्होंने कहा कि पर्यटन सुविधाओं और गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिये प्रथम चरण में एडीबी के सहयोग से 1311 करोड़ व्यय किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें वैलनेस सेंटर, पर्यटन के बड़े होटल का निर्माण, अंतारस्ट्रीय स्तर के फाउंटेन, म्यूजिकल फाउंटेन, वाटिकाओं का निर्माण होगा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि 50 करोड़ से बनने वाले गोल्फ कोर्स के लिये स्थान का चयन कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त साहसिक खेलों, वाटर स्पोर्ट्स इत्यादि को बढ़ावा देने के अलावा जिला के शक्तिपीठों के लिये देवी धाम सर्किट योजना में शामिल किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सरकार अंतिम व्यक्ति के उत्थान और उन्हें मुख्यधारा में शामिल करने की ध्येय से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार हर वर्ग को ध्यान में रख योजनाओं का निर्माण कर रही है ताकि सही रूप पात्र लोगों को योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि युवाओं को उनकी क्षमता के अनुरूप आगे बढ़ाने, बुजुर्गों के अनुभव का उपयोग, महिलाओं को सुदृढ़ और आत्मनिर्भर करने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने बेसहारा बच्चों की संरक्षक बनने का पुनीत कार्य किया है।

**डेढ़ करोड़ से विकसित होगा खीर गंगा घाट**

बाली ने कहा कि ऐतिहासिक शिव मंदिर बैजनाथ के साथ लगते खीर गंगा घाट को विकसित करने और मूलभूत सुविधाओं के सृजन के लिए पर्यटन विभाग की ओर से डेढ़ करोड़ रुपये व्यय किये जायेंगे। बाली ने कहा कि मुख्यमंत्री से वह स्वयं इस धनराशि को मंजूर करवाएंगे।

इस अवसर पर बिलिंग पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के निदेशक अनुराग शर्मा, पूर्व विधायक सुरेंद्र काकू, रविंदर बिट्ठू,वीरेंदर कटोच, मीडिया प्रभारी अमित शर्मा,

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र जम्वाल ,युथ कांग्रेस अध्यक्ष रविंदर राव,राजेश शर्मा महासचिव रामानंद ट्रस्ट संसाल, रमेश चड्ढा, जिला पर्यटन विकास अधिकारी विनय धीमान, सीएमओ सुशील शर्मा, एसडीएम देवी चंद ठाकुर, डीएसपी पूर्णचंद सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# किसानों पर प्राकृतिक प्रहार,

## अन्नदाता कैसे मिटाएंगे लोगो की भूख, कैसे भरेगा अनाज भंडार।

### -प्रकोप अन्नदाताओं पर प्रकृति का

### *-गेहूं सहित दलहन तेलहन की तैयार फसल पर मंडरा रही बारिश*

**शशिकांत ओझा ब्यूरो प्रभारी समाज जागरण**

देश चाहे जितनी तरक्की कर ले पर असली तरक्की और विकास तभी होता है जब अन्नदाता खुशी और प्रसन्न हो।



परंतु वर्तमान में प्रकृति अन्नदाताओं पर नाराज क्यों दिख रही है कहना मुश्किल है। प्रकृति की किसानों पर कुद्दष्टि सरकार सहित सबको सकते में डाल रही है। फसलें सारी तैयार हैं और किसान फसल को काट फसल घर में लाने को आतुर हैं और प्रकृति का खतरा किसानों के माथे पर मंडरा उनकी चिंता बढ़ा रही है।

पूर्वांचल सहित पूरे प्रदेश में तीन दिन से मौसम टा मिजाज बिगड़ा हुआ है। कहीं बारिश हो गयी तो कहीं होने की संभावना है। बारिश के साथ इनदिनों ओलावृष्टि भी होती ही है। हवा आंधी तूफान स्वरूप बह रही है। मौसम विभाग ने प्रदेश के कई जिलों में अलर्ट जारी किया ही है। किसान अपनी फसलों को लेकर काफी चिंतित है। हालांकि यह पीड़ा ऐसी है जिसका निदान समाधान किसी के पास नहीं है। किसानों पर प्रकृति क्यों अपना कुद्दष्टि की यह यह किसानों के समझ से परे है। आलम यह है कि पूर्वांचल के प्रत्येक जिलों में गेंहू की कटाई मढ़ाई का काम तीव्र गति से चल रहा है। हालांकि की प्राकृतिक आपदा का नुकसान सरकार भरती है पर कितने और किन किसानों को लाभ मिलता है सभी जानते हैं। किसानों का आलम यह है कि वह पशुधन की चिंता छोड़ हार्वेस्टर से गेंहूं की कटाई कर अनाज घर में लाने की सोच रहे हैं। फसल काट थ्रेसर से मड़ाई कर भूसा भी बनाने को लेकर लोग बिल्कुल नहीं सोच रहे हैं। मौसम विभाग की माने तो पश्चिमी विक्षोह के कारण मौसम का मिजाज खराब है। गांव गिरांव के किसानों की माने तो प्रकृति किसानों से नाराज है। ऐसे में कोई तो कारण है। चर्चा यह भी है कि किसान राजनीति में गलत दल का साथ दे रहे हैं इसलिए प्रकृति उनपर गुस्सा दिखा रही है। हालांकि कुछ लोगों की इस चर्चा का दरकिनार कर किसान भगवान से दया की याचना करते हुए मन्नत मांग रहे हैं। मौसम विभाग ने अभी दो दिनों तक क ई शहरों में तेज बारिश और क ई जिलों में हल्की बारिश संग ओलावृष्टि की संभावना जताई है जिससे किसान चिंतित हैं।

# गौ उत्पाद से चमत्कारी उत्पाद घर घर रोजगार दिलाने वाली प्रतिभा उषा घिर गई दिल्ली के वायरल से-

## भाई बहन की जोड़ी कमा रही नाम अंबाला से दुनिया के कोने तक-

**दैनिक समाज जागरण**

नई दिल्ली( राजधानी डेस्क ब्यूरो ) राजधानी दिल्ली में देशी गाय महिमा से सिर्फ दूध ही नही गोबर भी चमत कारिक रोग मुक्ति से लेकर घर दुकान में वास्तु दोष मिटाने वाली सुंदर मूर्तियां घर घर महिलाओं को रोजगार देने वाली उषा बहन नाम से प्रसिद्ध समाज सेविका दिल्ली में फैले वायरल से पीड़ित होकर अस्पताल पहुंच गई हैं।

चर्चित समाजसेविका उद्यमी नेत्री उषा बहन को डाक्टरों ने कहा है कि वे कमसे कम 15दिन सभी कार्य बंद कर सेहत सुधारें,-

नई दिल्ली,राजधानी दिल्ली डेस्क प्रमुख कृष्णराज अरुण )डायनमिक शोसल एक्टिविस्ट युवा महिलाओं की प्रेरणा बनती जा रही गौ उत्पाद से विभिन्न कलाकृति से घर घर रोजगार पहचान देने वाली उषा बहिन के नाम से चर्चित समाज सेवी प्रतिभा इन दिनो डाक्टरों की सलाह पर अस्पताल में हैं ।वे राजधानी दिल्ली में चल रहे तेज बुखार की चपेट में आने के बाद अस्पताल में हैं।

ये वही उषा बहन हैं जिन्होंने मथुरा गोवर्धन पर्वत क्षेत्र को सवच्छता से परिपूर्ण आदर्श क्षेत्र का अमलीजामा पहनाने के लिए 84 कोष परिक्रमा देव स्थली में संकल्प लिया था वे अब एक बड़ी स्वैच्छिक योजना तलास रही हैं ताकि मथुरा में आदर्श रोलमाडल काम हो सकें। मथुरा की सांसद हेमा मालिनी की समर्थक उषा बहन कहती हैं कि बांके बिहारी के आदेश से वे ये कार्य हाथ में ले रही हैं वे पूर्व पीएम भारतरत्न नंदा जी की ख्यातिप्राप्त संस्थान गुलजारीलाल नन्दा फाउंडेशन में आर्ट एंड कल्चर नाट्य एवम फिल्म के माध्यम से कुछ जागरूकता मिशन में बड़ा करने जा रही हैं ।वे कहती हैं बीमारी से स्वस्थ होते ही जुटेंगी लक्ष्य में-

उनकी बेटी नव्या इन दिनो मां की सेवा में समर्पित हैं जोकि उच्च दीक्षा शिक्षा लेकर बड़ा नाम कमाना चाहती है। नव्या धैर्य शालीन मां की तरह व्याहवारिक बनने की इच्छुक है वे अपने मामा की प्यारी है वे कहती हैकि अगर वक्त की नजर नहीं लगी तो निश्चय ही मां बाप का नाम रोशन करेंगी या आर्मी अंकल साहनी सर की तरह सेना में भी जा सकती हैं। नव्या कहती है कि कंठ्ठस्थ गायत्री मंत्र हनुमान चालीसा से वे खुद को धेरयवान होने का गुण मिलता है वे अन्य छात्राओ आगे निकलने को आतुर नव्या बताती हैं ये मंत्र उन्हे मां और गुरु से मिले हैं जो उनके लिए प्रेरणा भी है हिम्मत भी हैं।

अंबाला कैंट में खानदानी नामी ज्वेलरी दुकान भाई नरेश गुप्ता ज्वेलरी डिजाइनर किंग हैं।

खाटूश्याम जी के परमभक्त भाई नरेश गुप्ता ड-ीफ्रेंट प्रकार की चांदी सज्जित शील्ड बनाने में महारत रखते है। वे खाटू श्याम जी की ऐसी कलाकृति भी बना देते हैं जो घरों दुकानों में वास्तुदोष मुक्ति सज-ावट में बड़ी मात्रा में विदेशों तक खरीददार इनके पास से मार्केट रेट पर भिजवाते हैं।

खाटू श्याम जी के भक्त बांके बिहारी भक्त जोड़ी भाई बहन समाज कार्य के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं।

चांदी जड़ित मुकुट और कई वेरायटी में फिल्मी गीत कैसेट कवर भी चांदी जड़ित तैयार होते हैं। बता दें कि चांदी को हर धार्मिक कार्य में शुभ माना जाता है घरों और आफिस दुकान में फलीभूत होते हैं ।कला कृति में भगवान से की गई मनो कामना में चांदी जड़ित की बड़ी मान्यता है। जिसके कारण बड़िया आडर मिलते हैं।



श्रीमती उषा बहन जानी मानी समाज से-विका नाट्य संस्था निदेशक

# हनुमान जयन्ती

हनुमान जयन्ती एक हिन्दू पर्व होता है। यह चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस दिन हनुमानजी का जन्म हुआ माना जाता है। ऐसा माना जाता है कि चैत्र मास की पूर्णिमा को ही भगवान श्रीराम के परम भक्त हनुमान ने माता अंजनी के गर्भ से जन्म लिया था। यह व्रत हनुमान जी की जन्मतिथि का है। प्रत्येक देवता की जन्मतिथि एक होती है, परन्तु हनुमान जी की दो मनाई जाती हैं। हनुमान जी की जन्मतिथि को लेकर मतभेद हैं। कुछ हनुमान जयन्ती की तिथि कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी मानते हैं तो कुछ चैत्र शुक्ल पूर्णिमा। इस विषय में ग्रंथों में दोनों के ही उल्लेख मिलते हैं, किंतु इनके कारणों में भिन्नता है। पहला जन्मदिवस है और दूसरा विजय अभिनन्दन महोत्सव।



**जन्म कथा**

हनुमान जी के जन्म के बारे में एक कथा है कि- 'अंजनी के उदर से हनुमान जी उत्पन्न हुए। भूखे होने के कारण वे आकाश में उछल गए और उदय होते हुए सूर्य को फल समझकर उसके समीप चले गए। उस दिन पर्व तिथि होने से सूर्य को ग्रसने के लिए राहु आया हुआ था। परन्तु हनुमान जी को देखकर उसने उन्हें दूसरा राहु समझा और भागने लगा। तब इन्द्र ने अंजनीपुत्र पर वज्र का प्रहार किया। इससे उनकी ठोड़ी टेढ़ी हो गई, जिसके कारण उनका नाम हनुमान पड़ा। जिस दिन हनुमान जी का जन्म हुआ वह दिन चैत्र मास की पूर्णिमा था। यही कारण है कि आज के दिन हनुमान जी की विशेष पूजा-आराधना की जाती है तथा व्रत किया जाता है।

# संजीव-नी।।

## आशाओं के दीप जलाए रखना।

जिंदगानी के दीप जलाए रखना, संकट से अपने को बचाए रखना।

समय विपरीत है आतताई है काल,
मनोबल ऊंचा,आकाशीय बनाए रखना'

संगी छूटे, साथी छुटे,छूटे रिश्तेदार।
इस समय मनोबल बनाये रखना।

ना हो निराश,ना छुटे आत्मबल इस घड़ी में,
सबके हिम्मत की डोर बनाये रखना।

अकेले पड़ गए हो, ऐसा कभी न सोचो ।
परमपिता की आस्था पर दीप जलाए रखना।

आत्मबल, आत्मशक्ति, संयम और ईश्वरीय शक्ति।
बड़ी औषधि है यह, प्रार्थना मन में सजाए रखना।

जीवन संकट में है, इससे तो जीतना ही होगा।
आशाओं पर आकाश टिका है ये आश जगाये रखना।

रामजी करेंगे भव-सागर की नैया पार।
इस नैया का खेवनहार अपने को बनाए रखना ।

अच्छा समय तो गुजर ही जाता है
इस संकट को भी पैरों तले दबाए रखना।

यह तेरी,मेरी, उसकी बात नहीं है,
सम्पूर्ण मानवता को बनाए रखना ।

बहुत जल्दी नव सूरज उदित होगा, फिर नए फूल खिलखिलायेंगे।
आशाओं से मुस्कुराती जिंदगानी के के दीप जलाए रखना।

शुभकामनाये मंगल कामनाओं सहित।

**संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़**

# बैठकी "सनातन संस्कृति का वर्तमान और भविष्य-भाग-4"

**दैनिक समाज जागरण**

शाम के सात बज गये हैं! मैं दरवाजे की ओर कान लगाये था कि तभी कॉलबेल की आवाज से उत्साहित,दरवाजे की ओर चला! फिर तो हम, बैठकी के दीवाने, बैठक खाने में... .!

सरजी, कल तो बिहार विधानसभा में, दंगे को लेकर काफी हो- हंगामा हुआ! स्थिति यहाँ तक चली गई कि विधानसभा के स्पीकर ने भाजपा के एमएलए- जिवेश मिश्रा को,मार्शल द्वारा टंगवा कर विधानसभा से बाहर कर दिया गया! --- मास्टर साहब ने बैठते हीं अपनी कही!

जी, कल मुख्यमंत्री नितीश बाबू ने बिहार शरीफ और स-ासाराम में हुए दंगे के लिये स्थानीय प्रशासन को क्लीन चिट देते हुए, दंगे को भाजपा और भाजपा एजेंट के रूप में ओबैसी की पार्टी एआईएमआईएम द्वारा प्रायोजित शाजिस, करार दिया जबकि भाजपा ने दंगाइयों को बचाने और उनकी जगह हिन्दू नौजवानों को फंसाने का आरोप लगाते हुए प्रशासनिक विफलता का राग अलापा है! --- कुंवरजी ने बहस को आगे बढ़ाया!

अजी, महाराष्ट्र के अहमदनगर में भी हनुमान जन्मोत्सव को लेकर दो गुटों में संघर्ष की खबर है! जबकि ममता



बनर्जी ने राम शब्द का अर्थ- गुण्डा, बताया और कहा कि अच्छे राम भी हैं और बुरे राम भी हैं! पहले तो इन्होंने, प्रभु श्रीराम के नाम का अपमान किया लेकिन शायद, ममता दीदी का इशारा ये रहा हो कि टीएमसी के गुण्डे हों तो अच्छे और भाजपा या वामदल के हों तो बुरे! खैर,उधर दिल्ली के जहांगीरपुरी में भी हनुमान जन्मोत्सव जुलुस निकालने पर पाबंदी लगा दी गई है! जबकि कोलकाता हाईकोर्ट ने ममता सरकार को बंगाल में दंगे की रिपोर्ट मांगने के साथ साथ हनुमान जन्मोत्सव पर उचित सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने का निर्देश दिया है !अजीब बात है !--कहकर सुरेंद्र भाई ने हाथ चमकाया!

ए सरजी, इ नेतवन सब, एक दम गीर गईल बाड़े स! सस-ुरा,जनता के लाशो प, राजनीति करतारे स! एहनी के "चिरयीं के जान जाये आ लईकन के खेलवना" बुझतारे स! कहाँ, पक्ष आ विपक्ष सबके मिलके, समस्या के निदान के कोशिश करेके चाहीं बाकी इ त खाली वोट के राजनीति करतारे स!---मुखियाजी चिंतित और व्यग्र लगे!

ए मुखियाजी, सच कहें तो देश में दंगा- फसाद रोकने की क्षमता पुलिस या प्रशासन के बुते का रहेगा हीं नहीं !जैसे जैसे अल्पसंख्यकों द्वारा जनसंख्या विस्फोट बढ़ता जायेगा, वैसे वैसे शांति व्यवस्था खराब होती जायेगी! ये सनातनी संस्कृति के विरुद्ध बहुत सोंची समझी शाजिस है जिसपर समय रहते ध्यान नहीं दिया गया तो दूरबीन से भी सनातनी अवशेष नहीं दिखेगा!-- उमाकाका ने लम्बी उड़ान ली!

काहे अइसन बात बोल तानीं काकाजी!!--- मुखियाजी, प्रश्न किये!

ऐसा इसलिये क्योंकि हमारे देश में संविधान है हीं नहीं! संविधान का अर्थ होता है--सम+विधान=संविधान! सम का अर्थ समान और विधान का अर्थ कानून से है अर्थात सबके लिए एक सा कानून! लेकिन हमारे यहाँ हिन्दू, मुस्लिम, सिख, ईसाई आदि के लिए अलग अलग कानून चलता है! यहाँ जाति, धर्म, क्षेत्र, भाषा आधारित बहुविधान



चलता है !फिर हम न्याय की क्या उम्मीद करें!--काकाजी मायुस दिखे!

बिलकुल सही बोले हैं काकाजी! भारत की अखंडता और एकता के लिये "समान नागरिक संहिता" अत्यंत आवश्यक हो गया है! एक धर्म विशेष और उसके फौलोवर्स को विशेष सुविधा और वहीं दुसरे के साथ सौतेला व्यवहार अब नहीं चलेगा!-- डा. पिंटूजी, बहुत देर बाद मुंह खोले!

डा. साहब, आपसी घृणा का सबसे बड़ा कारण बच्चों को दी जाने वाली शिक्षा है! अब देखिये, मुस्लिम बच्चों को मदरसे में कुरान की शिक्षा दी जाती है जिसमें स्पष्ट पढ़ाया जाता है कि जो इस्लाम को अपना धर्म नहीं मानते वो काफीर हैं! बुतपरस्त जीने के हकदार नहीं, उनके साथ अत्याचार करना अल्लाह का आदेश है! तो बताइये जब छोटे सुबोध बच्चों को शुरू से हीं इसतरह की नफरत भरी शिक्षा दी जायेगी तो उनसे बड़े होकर अन्य धर्मावलंबियों से भाई चारे की उम्मीद कैसे की जा सकती है! यही कारण है कि मुस्लिम भाई बनते जा रहे हैं और हिन्दू चारा, वो भी ये तब है जबकि अधिकांश मदरसे सरकार द्वारा अनुदानित हैं!-- कुंवरजी दुखी दिखे!

ठीक कहते हैं कुंवरजी, अभी तक सरकारें ऐसे आधारभूत विभेद पैदा करने वाली शिक्षा व्यवस्था को, क्यूँ नजरअंदाज की है! ऐसी स्थिति में तो आजादी के बाद हीं. देश में "समान शिक्षा कानून" को लागू करना चाहिए था! लेकिन अभी तक इसे नजरअंदाज किया जाना किसी गंभीर षड्यंत्र की ओर इशारा करता है! --- डा. साहब सोफे पर हाथ मार कर!

सरजी,अभी तक जो 57-58 इस्लामिक स्टेट्स बने हैं उसकी हिस्ट्री जानियेगा तो समझ जाइयेगा कि वे कैसे इस्लामिक स्टेट्स बने! उसमें 1- धर्मांतरण और 2- जनसंख्या विस्फोट, अहम्-स्थान रखते हैं! सनातन संस्कृति के सिकुड़ने के पीछे ये दोनों मुद्दे, महत्वपूर्ण शाजिस के तौर पर रहा है!--- मास्टर साहब गहराई में!

ए भाई, तब त सरकार के ए प तुरंत लगाम लगावे के चाहीं! आ एकरा खातिर, "धर्मांतरण नियंत्रण कानून" आ "जनसंख्या नियंत्रण कानून" नितांत आवश्यक बा! ना त 40-50 बरीष में त हिंदूस्तान से हिंदूए गायब हो जईहें! ए सरजी,आपहुं कुछ कहिये!--- मुखियाजी के माथे पर बल दिखा!

मुखियाजी, हमारे देश में आजादी के बाद से हीं जिस तरह की वोट की स्वार्थ पुरक संवैधानिक राजनीति का ढ़ांचा तैयार किया गया है उसका अंत इस्लामिक स्टेट के रूप में हीं खत्म होता है ! लेकिन हमारे देश के अल्पसंख्यक मुस्लिम जमात भी समय के साथ ,समझने लगें है और मानते हैं कि किसी भी अन्य इस्लामिक स्टेट से भारत, मुसलमानों के लिए सबसे सुखद और सुकुन की जिंदगी जीने की स्थली है! सरकार को भी मुस्लिम समाज के नवयुवकों और नवयुवतियों को राष्ट्र की मुख्य धारा से जोड़ने के प्रति, सार्थक कदम उठाते रहने की आवश्यकता है! हाँ, उन जिहादी कट्टरपंथियों को जिन्हें, देशी- विदेशी ताकतों द्वारा आतंक और देशद्रोही गतिविधियों



के लिए प्रोत्साहित किया जाता है , कुचलना अतिआवश्यक है! और वैसे धार्मिक राजनैतिक नेताओं पर भी कानूनी शिकंजा कसने की आवश्यकता है! आप लोगों ने जो सुझाव दिये हैं वो निश्चय हीं विचारणीय हैं और इनपर मोदी सरकार को यथा शीघ्र अमल में लाना चाहिये!

देश में अमन चैन और विकास सभी के हित में है! घृणा और नफरत की राजनीति किसी के हित में नहीं! मोदीजी का मंत्र हीं हम सबों का मंत्र होना चाहिए--सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास!--- मैं चुप हुआ!

एक नंबर के बात कहनीहां ए सरजी! अच्छा अब चलल जाय!--- कहकर मुखियाजी उठ गये और इसके साथ हीं बैठकी भी.....!!!!



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक (समाजशास्त्री)**

# लोकतंत्र की महत्ता को समझिए, विश्व में भारत एक मिसाल है।

**दैनिक समाज जागरण**

स्वतंत्रता के बाद भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक शक्ति तथा गहन क्षमता वाला देश बन गया है'

और यही एक बड़ा कारण है कि भारत जैसे विविधता और विशालता जैसे देश में निष्पक्ष चुनाव संपन्न कर चुनी हुई सरकार शासन करती है निसंदेह भारत के लिए गौरव की बात है पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी किताब डिस्कवरी ऑफ इंडिया में लिखा है कि भारत स्वयं में एक लघु विश्व है कि निसंदेह भारत पर अध्ययन करने वाले सभी चिंतकों तथा विद्वानों ने एकमत से यह माना है की भारत विविधताओं व बहुलताओं के मामले में विश्व का अनूठा एवं दिलचस्प देश है। अनेक प्रकार की भाषाएं, रीति रिवाज, खान-पान, रहन-सहन, लोकगीत,नृत्य, धर्म, संप्रदाय, सामाजिक संरचनाएं और संस्थाएं इस देश को बेहद बहुलतावादी और वैविध्यपूर्ण राष्ट्र बनाती है। इस विशाल, बहु भाषाई, बहु सांस्कृतिक देश की अपनी विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, आर्थिक, ऐतिहासिक, भौगोलिक, दार्शनिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, जनस-ांख्यिकी और भाषाई विभिन्नताएं, विषमताऐ और विशेषताएं विद्वमान है। जो इस देश की विविधता में एकता की खूबी को प्रदर्शित करती है। भारत की सामाजिक संरचना स्वयं में काफी जटिल है। देश में समाज बहुत सारे वर्गों उप वर्गों में बटा हुआ है, इसी तरह यहां समाज में ग्रामीण, उपनगरीय, नगरीय, महा नगरीय, जनजातीय, पहाड़ी कैसे वर्गों में विभाजित हुआ है। भारत में सामाजिक वर्ग भेद के साथ अंदरुनी अंतर्द्वंद भी बहुत ज्यादा है,जैसे कि एकल परिवार और संयुक्त परिवार जातिवादी जाति विहीन समाज ग्रामीण नगरीय द्वंद विवाह सन्यास का द्वंद जो अनेक रूपों में भारतीय समाज में जनमानस के रूप में दिखाई देता है और यह द्वंद स्वतंत्रता के पश्चात से दिखाई देने लगा है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जहां ग्राम स्वराज को आर्थिक विकास की धुरी मानते हुए सर्वोदय पंचायती राज स्वरोजगार एवं परस्पर सहयोग को बढ़ावा देना चाहते थे,दूसरी तरफ पंडित जवाहरलाल नेहरू का झुकाव औद्योगिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्र को तीव्र औद्योगिकरण , कल कारखानों को मजबूत करने की ओर था। इसीलिए भारतीय समाज में मिश्रित अर्थव्यवस्था की नई व्यवस्था के माध्यम से इसका समुचित समाधान निकाला गया था।

भारत के राजनीतिक द्वंद भी बहुतायत में रहे हैं। आजादी से पहले कांग्रेस के गरम पंथ हुआ नरम पंथ का द्वंद चलता रहा है और पूर्ण स्वराज की मांग का उहापोह तथा आजादी के बाद संविधान निर्माण के समय संविधान की संघात्मक तथा एकात्मक रचना का विवाद या समाजवाद पूंजीवाद का द्वंद इसी तरह भारत दोनों में उलझता रहा है, और उसके बाद समाधान निकाल कर उससे बाहर भी आया है। भारत धार्मिक ,दार्शनिक व आध्यात्मिक दृष्टि से एक बेहद समृद्ध राष्ट्र रहा है। विश्व के चार प्रमुख धर्मों हिंदू, सिख, बौद्ध ,जैन की जन्मस्थली भारत ही रही है। इसी तरह भारत वेद पुराणों, उपनिषदों ,ब्राह्मणों, समितियों और आरण्यकों के प्राचीन साहित्य से लबालब भी रहा है। इसके अलावा इस्लाम ,ईसाई ,पारसी जैसे धर्मों को देश में स्वयं सम्मानित कर अपनी मुख्यधारा में समाहित भी किया है। भारत अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विदेश नीति के मामले में गुटनिरपेक्षता की नीति को अपना कर किसी भी गुट में न रहते हुए स्वतंत्र विकास की नीति को अपनाया था। जो कालांतर में भारत की विदेश नीति का आधार स्तंभ रहा है। भारत में बहुआयामी विविधता भी रही है। स्वतंत्रता संग्राम में राजनेताओं ने जहां एक स्वर में हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का पक्ष लिया था वहीं दूसरी तरफ देश के कुछ हिस्सों में हिंदी विरोधी आंदोलन तक हुए हैं। भारत में संविधान में हिंदी को राजभाषा का दर्जा देते हुए कुल 22 भारतीय भाषाओं को आठवीं अनुसूची में सम्मिलित कर भाषाई सौहार्द्र और समन्वय का बखूबी परिचय भी दिया है। और भारत में भारतीय संस्कृति के बहुलतावादी चरित्र को बनाए रखने की भविष्य में भी निरंतर आवश्यकता बनी रहेगी। भारतीय समाज की विविधता पूर्ण सांस्कृतिक,सा-हित्यिक, दार्शनिक व्यवस्था के बीच विद्वानों ने चिंतन मनन कर किसके बीच का समाधान भी निकाला है एक का सबसे बड़ा उदाहरण भारत में सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों को महत्व देते हुए मिश्रित अर्थव्यवस्था का अंगीकार करना है। भारत की विजेताओं के विभिन्न नेताओं ने भारत देश के अंदरूनी मामले को लेकर देश की अर्थव्यवस्था सामाजिक व्यवस्था तथा राजनीतिक व्यवस्था को काफी मजबूत तथा पुख्ता भी किया है। भारत की विविधता में एकता के सिद्धांत पर चलते हुए भारत ने अपनी अर्थव्यवस्था सामाजिक व्यवस्था राजनीतिक व्यवस्था तथा विदेशी नीति पर एक मजबूत आधार स्तंभ रखकर अपनी विश्व में एक अलग छवि तथा स्थान बनाया है। भारत में अनेक विविधताओं विषमताओं को विशेषता बनाकर समाधान अपने बीच ही खोज कर विश्व को एक कीर्तिमान बनाकर दिखाया है। आज भारत मैं इतनी बड़ी जनसंख्या और विभिन्न जातीय धर्म संस्कृति भाषाएं होने के बावजूद एकजुटता की नई मिसाल दिखाकर विश्व के किसी भी देश को टक्कर देने की स्थिति में है। भारत आज विकासशील देशों में अग्रणी देश माना जाता है। भारत की यही विविधता,विषमता ,साइंस, टेक्नोलॉजी,मेडिकल सा-इंस तथा सामरिक क्षेत्र में अद्भुत एकजुटता किसी भी देश के आक्रमण का सामना करने के लिए सीना तान कर खड़ा होने की शक्ति सामर्थ और ताकत भी प्रदान करता है। स्वतंत्रता के बाद भारत ने जितनी प्रगति और वैश्विक स्तर पर विदेशी देशों का विश्वास अर्जित किया है वह निसंदेह भारत की प्रजातांत्रिक लोकतांत्रिक परंपरा के कारण ही है। भारत की विविधता में एकता भारत की एक बड़ी शक्ति है जिसे हमें निरंतर बनाए रखना होगा तब जाकर हम किसी भी देश के सामने सिर उठाकर खड़े हो सकते हैं।



**संजीव ठाकुर, चिंतक,लेखक, रायपुर छत्तीसगढ़**

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# माता तिर्लोकपुर में नवरात्र का मेला हुआ सम्पन्न, 7,25000लोगों ने लिया माता आशीर्वाद।

## जिला उपायुक्त के निर्देश पालन में प्रशासन ने किया मेला निगरानी शांतिपूर्वक सम्पन्न




**दैनिक समाज जागरण-**
कालाआम तिरलोकपुर देव स्थली से ब्यूरो चीफ, हरकेश सैनी- हर साल की भांति नए वर्ष के नवरात्र पर्व से आरंभ हुए तिर्लोक पुर माता का भव्य मेला जिला प्रशासन सिरमौर नाहन उपायुक्त राजकुमार गौतम के दिशा निर्देश में शांति पूर्वक सम्पन्न होते श्रद्धालुओं ने आज बुधवार तक 7,25000 माता दरबार में आशीर्वाद लिया।

यह मेला हरसाल की भांति हरियाणा हिमाचल पंजाब जम्मू मध्य प्रदेश राजस्थान से भी बड़ी तादात में आस्थावान माता तिरलोकपुर में शीश नवाने आते हैं।

माता दरबार की महिमा से कई राज्यों के भक्त लाभान्वित होते आए हैं। देहरादून,चंडीगढ़ अंबाला से होकर कालाआम के रास्ते तिरलोकपुर दरबार में पहुंचा जाता है। माता दरबार में मंदिर दरबार की हर उचित व्यवस्था जिला प्रशासन की देखरेख में होती है।

दैविक शक्तियों से सम्पन्न कालाआम क्षेत्र कई ऐतिहासिक तीर्थों तिरलोकपुर माता का सर्व व्यापी नाम है।

# हिमाचल आबकारी विभाग ने 1.10 करोड़ रुपए के सोने के आभूषण पकड़े

**-दैनिक समाज जागरण -**
**चंडीगढ़ -सीपीएच प्रमुख के आर अरुण -**

शिमला( राज धानी ब्यूरो प्रमुख टीना ठ-ाकुर ) वस्तु एवं सेवा कर चोरी के मामलों के निरीक्षण के लिए राज्य कर एवं आबकारी विभाग द्वारा चलाए गए अभियान के दौरान गत दिवस हमीरपुर में लगभग 1.10 करोड़ रुपए के करीब 2 किलोग्राम सोने के आभूषण पकड़े गए। यह जानकारी आज यहां आयुक्त, राज्य कर एवं आबकारी युनुस ने एक प्रेस वक्तव्य में दी। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा शिमला में एक संदिग्ध तम्बाकू डीलर का भी जीएसटी कर चोरी के मामले में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि इस डीलर द्वारा सिगरेट के कुछेक ब्रांड उपयुक्त दस्तावेजों के बगैर खरीदे गए थे।




आयुक्त ने बताया कि विभाग द्वारा जीएसटी में टाल-मटोल अथवा कर चोरी के मामलों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है ताकि इस तरह के मामलों में कमी लाते हुए अधिकतम राजस्व संग्रह किया जा सके। उन्होंने कहा कि विभाग विशेष तौर पर सोने एवं तम्बाकू पर जीएसटी कर चोरी के मामलों पर विशेष ध्यान केंद्रित कर रहा है।

उन्होंने कहा कि सोने एवं चांदी पर जीएसटी की न्यूनतम दर 3 प्रतिशत है जबकि तम्बाकू पर जीएसटी की दर विभिन्न उप-करों सहित 188 प्रतिशत तक है। उन्होंने कहा कि हालांकि सोने एवं चांदी पर जीएसटी की दर न्यूनतम है परंतु इसकी कीमत अधिक होने के कारण कर चोरों को इससे बड़े स्तर पर मुनाफा हो रहा है। इसी प्रकार जीएसटी की उच्चतम दरों के कारण तम्बाकू उत्पादों पर कर चोरी से भी काफी लाभ होता है। ऐसे में विभाग कर चोरी की लिहाज से इन दोनों पर ही विशेष ध्यान केंद्रित कर रहा है।

उन्होंने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में विभाग ने माल ढुलाई में वस्तु एवं सेवा कर प्रावधानों के उल्लघंन से सम्बंधित विभिन्न मामलों में 8 करोड़ रुपए का जुमार्ना वसूल किया है।

# नए सिरे से बनेगा हमीरपुर कर्मचारी चयन आयोग 3 सदस्य कमेटी का किया गठन, सीएम सुक्खू ने सदन में दी जानकारी-

**दैनिक समाज जागरण-**
**चंडीगढ़ के आर अरुण**
**शिमला, टीना ठाकुर ब्यूरो प्रमुख-**

हिमाचल प्रदेश हमीरपुर कर्मचारी चयन आयोग पेपर लीक होने के चलते सरकार ने इसे भंग कर दिया हैअब सरकार नए सिरे से कर्मचारी चयन आयोग का गठन करेगी* ।

इसके लिए दीपक शानन कि अध्यक्षता में 3 सदस्य कमेटी का गठन किया गया है । बुधवार को विधानसभा में नियम 130 के तहत कांग्रेस के विधायकों ने सदन में कर्मचारी चयन आयोग का मामला उठाया जिस पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने जल्द ही नए सिरे से कर्मचारी आयोग का गठन करने की बात कही।

*उन्होंने कहा कि सदन में कर्मचारी चयन आयोग को लेकर कांग्रेस के विधायकों ने नियम 130 के तहत चर्चा लाई थी और हैरानी की बात है कि भाजपा के सभी विधायक बिना किसी मुद्दे के वॉकआउट कर बाहर निकल गए हमीरपुर कर्मचारी चयन आयोग में जो धांधली हुई है विपक्ष चर्चा में भाग नहीं लेना चाहते थे 5 साल तक आंखे बंद करके पूर्व भाजपा सरकार बैठी थी और अब लोगों पर भी कार्रवाई की जा रही है लेकिन जब तक नए आयोग नहीं होता है तब तक हिमाचल प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन के तहत भरने का प्रक्रिया शुरू हो गई



**विधान सभा में जवाब देते सीएम सुक्खू,3 महीने में बनेगा चयन आयोग,- दैनिक समाज जागरण**

चर्चा में हिसा नही लेना चाहती है जिसके चलते उन्होंने वर्क आउट किया।

उन्होंने कहा कि पेपर लीक होने के बाद हमीरपुर कर्मचारी आयोग को भंग कर दिया है और अब तक 22 लोगों को इसम गिरफ्तार किया गया है और अन्य है ओर जल्द ही नया आयोग बनाया जाएगा।

वही मुख्यमंत्री ने पुलिस भर्ती पेपर लीक मामले पर कहा कि इस मामले की जांच सीबीआई कर रही है और सीबीआई की रिपोर्ट आने के बाद ही उस पर कार्रवाई की जाएगी

# कोविड नियमों का अनुपालन व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मास्क का प्रयोग करें: मुख्यमंत्री सुखु

### *मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर आयोजित आईएपीपीडी के सम्मेलन की अध्यक्षता की*

**- दैनिक समाज जागरण -**
**चंडीगढ़ -सीपीएच प्रमुख के आर अरुण**

शिमला-( राज धानी ब्यूरो प्रमुख टीना ठ-ाकुर ) मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हिमाचल प्रदेश में कोविड-19 के मामलों में वृद्धि पर चिंता व्यक्त करते हुए राज्य के लोगों से कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर मास्क पहनने का आग्रह किया है, ताकि इस वायरस को फैलने से रोका जा सके।

मुख्यमंत्री गत सायं यहां इंडियन एसोसिएशन ऑफ पार्लियामेंटेरियन ऑन पॉपुलेशन एंड डेवलपमेंट (आईएपीपीडी) द्वारा आयोजित ह्यभारत में महामारी के दौरान और उसके बाद स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए हिमाचल प्रदेश के विधायकों की मजबूत भूमिकाह्ण विषय पर आयोजित सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स-रकार स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है और अब समाज को कोरोना वायरस के साथ जीना सीखना होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान सरकार लोगों को विशेष चिकित्सा देखभाल सेवाएं प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में आवश्यक सुधार कर रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इन सुधारों के सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों को विश्व स्तरीय बनाने के लिए आधुनिक तकनीक का समावेश किया जाएगा ताकि लोगों को घर-द्वार पर आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि मे-डिकल कॉलेज टांडा और आईजीएमसी




शिमला में अगले छह महीनों में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। इससे न केवल मरीजों के कीमती समय की बचत होगी बल्कि इससे सटीक परिणाम भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी शिमला में पैट ब्लॉक का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है और डॉ. राजेंद्र प्रसाद राजकीय मेडिकल कॉलेज टांडा में पैट स्कैन मशीन लगाने के लिए 50 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि आईजीएमसी शिमला में ट्रॉमा सेंटर के साथ 175 बिस्तरों वाली चिकित्सा आपातकालीन सुविधा स्थापित करने के लिए सरकार ने 11 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। उन्होंने कहा कि चम्बा और हमीरपुर चिकित्सा महाविद्यालयों के भवन निर्माण कार्य में तेजी लाई गई है और इस वर्ष इनके पूरा होने की सम्भावना है, जिससे इन क्षेत्रों के लोगों को घर के नजदीक विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने व्यवस्था में पारदर्शिता को बढ़ावा देने के दृष्टिगत स्वास्थ्य संस्थानों में दवाइयां, उपकरण और मशीनरी की खरीद के लिए चिकित्सा सेवा निगम का भी गठन किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभान्वित करने के लिए विभिन्न कल्याणकारी और जनहितकारी निर्णय ले रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार कांग्रेस पार्टी द्वारा विधानसभा चुनाव के दौरान प्रदेश की जनता को दी गई सभी गारंटियों को चरणबद्ध ढंग से पूरा करने के लिये प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने हिमाचल प्रदेश को हरित ऊर्जा राज्य बनाने का लक्ष्य रखा है और हरित बजट इस दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार राज्य के स्वच्छ वातावरण को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है और प्रदूषण उत्सर्जन की जांच के लिए कई पहल की गई हैं जो जलवायु परिवर्तन की समस्या को कम करने में दूरगामी सिद्ध होंगी।

इससे पहले आईएपीपीडी की उपाध्यक्ष विप्लव ठाकुर ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया और एसोसिएशन की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, स्वास्थ्य मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर सहित विधायकगण भी उपस्थित थे।

# दूसरी कैबिनेट मीटिंग मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की अध्यक्षता में हुई-

### हरियाणा कौशल विकास तथा औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, ग्रुप (ख) निदेशालय तथा क्षेत्रीय कार्यालय, सेवा नियम, 2023 को मंजूरी प्रदान की गई।

**-दैनिक समाज जागरण -**
**चंडीगढ़ / सीपीएच हैड कृष्णराज अरुण -**

हरियाणा सीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में तय नियम अनुसार नये नियमों में सहायक निदेशक (तकनीकी), वरिष्ठ शिक्षुता पर्यवेक्षक, प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्य के पद के लिए शैक्षणिक योग्यता इंजीनियरिंग में डिग्री निर्धारित है।बकाया लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क और उस पर लागू ब्याज जमा करने में चूक करने वाले कॉलोनाइजरों को राहत देते हुए हरियाणा ने अपनी तरह की एक और एकमुश्त समाधान योजना ह्यविवादों का समाधानह्ण की शुरूआत की है। यह योजना इसकी अधिसूचना से 6 महीने की अवधि के लिए खुली रहेगी।

बैठक में हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग द्वारा ग्रुप-सी और ग्रुप-डी पदों पर सामान्य पात्रता परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को पंजीकरण के समय आधार प्रमाणीकरण सेवा का उपयोग http://onetimeregn.haryana.gov.in पोर्टल पर अनिवार्य करने का निर्णय लिया गया। भर्ती प्रक्रिया



को आसान बनाने और भर्ती उद्देश्य विशेष रूप से कंप्यूटर डेटा में फर्जी या डुप्लीकेट उम्मीदवारों की अनावश्यक जानकारी को समाप्त करने में सहायता के लिए यह निर्णय लिया गया है।

# जिद्दी लड़की ने गुस्से में आकर एक की-पेड मोबाइल फोन को निगल गई, घर और अस्पताल हुआ परेशान

**-दैनिक समाज जागरण -**
**-कृष्ण राज अरुण -**

नई दिल्ली /ग्वालियर /भिंड. मध्य प्रदेश के भिंड जिले से एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां एक 18 साल की लड़की ने गुस्से में आकर एक की-पेड मोबाइल फोन को निगल गई। यह फोन पेट में जाकर आमाशय में फंस गया। परिजनों को जब इसके बारे में पता चला तो हड़कंप मच गया। वह आनन-फानन में युवती को लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। अच्छी बात यह रही कि डॉक्टरों ने अपनी सूझबूझ लड़की के पेट से सर्जरी कर मोबाइल निकाल दिया।

**खतरे में पहुंच चुकी थी लड़की जिंदगी**

दरअसल, यह पूरा मामला मंगलवार दिन का बताया जाता है, जहां भिंड जिले के अमायन क्षेत्र की रहने वाली 18 वर्षीय अन्नू ने परिवार की किसी बात से नाराज होकर यह कदम उठाया था। युवती के मोबाइल निगलने के बाद उसे अस्पताल लाया गया। लड़की की हालत क्रिटिकल थी। उसे बचाना मुश्किल लग रहा था। लेकिन डॉक्टरों ने टीम ने बिना वक्त गंवाए लड़की का ऑपरेशन करने का फैसला लिया।




**कई एक्सर्ट डॉक्टरों को सर्जरी करने में लगे दो घंटे**

लड़की के मोबाइल निगलने की खबर लगते ही जयारोग्य चिकित्सालय के सर्जरी विभाग के सभी सीनियर डॉक्टर ऑपरेशन करने के लिए पहुंचे। सर्जरी विभाग की ओपीडी में प्रोफेसर डॉ. नवीन कुशवाह ने जांच करने के बाद यह काम सर्जरी यूनिट को सौंपा गया। करीब दो घंटे तक लड़की सर्जरी करने के बाद आमाशय से मोबाइल निकाल दिया गया। यह सफल ऑपरेशन सर्जरी यूनिट इंचार्ज डॉ. प्रशांत पिपरिया की देखरेख में हुआ। इस टीम में डॉ. अश्वनी पांडेय, डॉ. सुरेंद्र चौहान के साथ-साथ एनेस्थीसिया के डॉ. जितेंद्र अग्रवाल शामिल थे।

**डॉक्टरों के करियर का यह पहला ऑपरेशन**

डॉक्टरों कहा कि यह उनके करियर में पेट से मोबाइल निकालने का यह पहला ऑपरेशन था जिसे उन्होंने सफलतापूर्वक किया है। उन्होंने कहा कि अभी तक हमने किसी के के पेट से सिक्के-बॉल या लोहे के टुकड़े निकाले हैं। या फिर कोई नुकीली चीज जैसे ब्लेड आदि। इस केस में लड़की अगर हिम्मत नहीं करती तो यह ऑपरेशन सफल नहीं हो पाता।

# -राम जी के परम भक्त बजरंग बलि हनुमान जन्मो उत्सव आज-

**दैनिक समाज जागरण**
**सम्पादक कृष्णराज अरुण**
**सीपीएच चंडीगढ़ -**

**प्रिय पाठक मित्रो ,**
**शुभ कामनाये -**

प्रत्येक वर्ष चैत्र मास के शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन हनुमान जन्म उत्सव महा पर्व मनाया जाता है। इस विशेष दिन पर हनुमान जी की विधिवत पूजा की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार बजरंगबली भगवान शिव के 11वें अवतार जीवित देवता हैं इन्हें कलयुग का देवता भी कहा जाता है।

सनातन पक्ष हिन्दू शास्त्र में बताया गया है कि हनुमान जन्मोउत्सव के दिन विधि-विधान से हनुमान जी की पूजा-अर्चना करने से साधक के सभी संकट दूर हो जाते हैं और उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। इस विशेष दिन पर बजरंगबली को सिंदूर अर्पित करने से सभी कार्य सफल होते हैं और धन-धान्य की प्राप्ति होती है। इसके साथ हनुमान जयंती के दिन हनुमान चालीसा और बजरंग बाण




के पाठ का विशेष महत्व है। इनका पाठ करने से हनुमान जी जल्द प्रसन्न होते हैं और भक्तों की झोली खुशियों से भर देते हैं। : बजरंगबली के प्रसन्न होने से दूर होंगे कष्ट, जानें व्रत का महत्व-पूजा और विधि-मुहूर्त

इस बार हनुमान जन्मोत्सव गुरुवार 6 अप्रैल को मनाया जाएगा. कई लोग इसे हनुमान जयंती भी कहते हैं. हनुमान जन्मोत्सव को हनुमान जयंती कहना ठीक नहीं होगा. भगवान हनुमान दीर्घजीवी हैं. भगवान हनुमान को चिरंजीवी माना गया है. इसलिए उनका जन्मोत्सव मनाया जाता है-

इस बार हनुमान जन्मोत्सव गुरुवार 6 अप्रैल को मनाया जाएगा. कई लोग इसे हनुमान जयंती भी कहते हैं. हनुमान जन्मोत्सव को हनुमान जयंती कहना ठीक नहीं होगा. भगवान हनुमान दीर्घजीवी हैं. भगवान हनुमान को चिरंजीवी माना गया है. इसलिए उनका जन्मोत्सव मनाया जाता है।

इस बार हनुमान जन्मोत्सव गुरुवार 6 अप्रैल को मनाया जाएगा. कई लोग इसे हनुमान जयंती भी कहते हैं. हनुमान जन्मोत्सव को हनुमान जयंती कहना ठीक नहीं होगा. भगवान हनुमान दीर्घजीवी हैं. भगवान हनुमान को चिरंजीवी माना गया है. इसलिए उनका जन्मोत्सव मनाया जाता है।

# प्रेमिका को कनाडा से बुलाया, फिर हत्या कर दफनाया, 1 साल बाद मिला शव

सोनीपत. आज हम आपको प्यार के खूनी इंतकाम की एक ऐसी कहानी बताने जा रहे हैं, जिसे सुनकर आप दंग रह जाओगे. हरियाणा के रोहतक के बालंद गांव की रहने वाली मोनिका को उसके आशिक सोनीपत के गुमड़ गांव के रहने वाले सुनील ने गोलियों से भूनकर मौत के घाट उतार दिया. बाद में उसके शव को आपने फार्म हाउस में दफना दिया था. एक साल बाद युवती का शव बरामद किया गया है.

जानकारी के अनुसार, रोहतक के बालंद गांव की मोनिका (25) अपनी मौसी के घर सोनीपत के गांव गुमड़ में पढ़ाई करने आई थीं. इस दौरान यहां पर गांव के ही सुनील उर्फ शीला के साथ उसका प्रेम प्रसंग हो गया. बाद में मोनिका कनाडा चली गई. इस बीच सुनील ने उसे सोनीपत बुला लिया. जनवरी 2022 में मोनिका की मौसी की शिकायत पर थाना पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज की गई.

इस दौरान जांच में मोनिका का पता नहीं चल पाया. बाद में परिवार ने नवंबर 2022 में एक बार फिर मामले की शिकायत थाने में की. गृह मंत्री अनिल विज का दरवाजा भी खटखटाया. गृह मंत्री अनिल विज ने इस पूरे मामले में संज्ञान लेते हुए जांच रोहतक रेंज आईजी को सौंपी. रोहतक रेंज आईजी ने भिवानी सीआईए टू को जांच का जिम्मा सौंपा.

सोनीपत. आज हम आपको प्यार के खूनी इंतकाम की एक ऐसी कहानी बताने जा रहे हैं, जिसे सुनकर आप दंग रह जाओगे.




हरियाणा के रोहतक के बालंद गांव की रहने वाली मोनिका को उसके आशिक सोनीपत के गुमड़ गांव के रहने वाले सुनील ने गोलियों से भूनकर मौत के घाट उतार दिया. बाद में उसके शव को आपने फार्म हाउस में दफना दिया था. एक साल बाद युवती का शव बरामद किया गया है.

जानकारी के अनुसार, रोहतक के बालंद गांव की मोनिका (25) अपनी मौसी के घर सोनीपत के गांव गुमड़ में पढ़ाई करने आई थीं. इस दौरान यहां पर गांव के ही सुनील उर्फ शीला के साथ उसका प्रेम प्रसंग हो गया. बाद में मोनिका कनाडा चली गई. इस बीच सुनील ने उसे सोनीपत बुला लिया. जनवरी 2022 में मोनिका की मौसी की शिकायत पर थाना पुलिस में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज की गई.

इस दौरान जांच में मोनिका का पता नहीं चल पाया. बाद में परिवार ने नवंबर 2022 में एक बार फिर मामले की शिकायत थाने में की. गृह मंत्री अनिल विज का दरवाजा भी खटखटाया. गृह मंत्री अनिल विज ने इस पूरे मामले में संज्ञान लेते हुए जांच रोहतक रेंज आईजी को सौंपी. रोहतक रेंज आईजी ने भिवानी सीआईए टू को जांच का जिम्मा सौंपा.

**आवश्यकता**

देश में तेजी उभरते दैनिक समाज जागरण नोयडा से प्र-काशित समाचार पत्र को राज्यों के हर जिला तहसील ब्लाक लेबल में अंश कालीन रिपोर्टर / तुरतं चाहिए। बायोडाटा आधार भेजिए व्हाट्सअप 9802414328

*डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर कार्रवाई, सीतापुर व आगरा के दो चिकित्सकों पर गिरी गाज*

# ड्यूटी से अनुपस्थित रहने पर दो डॉक्टर बर्खास्त

## *इलाज में लापरवाही बरतने पर गाजियाबाद के अस्पताल का लाइसेंस निलंबित, किया सील*

**विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा**

आगरा। स्वास्थ्य विभाग में कार्रवाई का दौर लगातार जारी है। लंबे समय से सरकारी अस्पतालों से गायब चल रहे दो चिकित्सकों को डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के निर्देश पर बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं, गाजियाबाद के एक अस्पताल में इलाज में लापरवाही के चलते मरीज की मृत्यु के मामले में अस्पताल का पंजीकरण निलंबित कर उसे सील कर दिया गया है। पीएचसी मछरेहटा (सीतापुर) पर तैनात डॉ. राजेश गुप्ता एवं पीएचसी चौरंगाहार, जैतपुर कलां (आगरा) पर तैनात डॉ. प्रियंक प्रताप सिंह लंबे समय से ड्यूटी से अनुपस्थित चल रहे थे। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के निर्देश पर उन्हें तत्काल प्रभाव से बर्खास्त कर दिया गया है। वहीं, गाजियाबाद के शालीमार गार्डन स्थित स्पर्श अस्पताल में मरीज रोहित पुत्र लीलू की इलाज में लापरवाही के चलते हुई मृत्यु के मामले में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने जांच कराई है। डिप्टी सीएम के प्रारंभिक निर्देश पर सीएमओ ने उक्त अस्पताल का पंजीकरण निलंबित कर पुलिस की मौजूदगी में अस्पताल को सील कर दिया गया है। उधर, विकास खंड रतनपुरा, ग्राम गुलौरी (मऊ) में एक कुएं से सरकारी दवाइयां व अन्य सामिग्री बरामद होने के बाद सीएचसी रतनपुरा के अधीक्षक डॉ. अंसराज सोनी, चीफ फार्मासिस्ट धनन्जय तिवारी के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई करने के निर्देश प्रमुख सचिव (चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण) को निर्देशित किया गया है।

## पुरानी पेंशन बहाली, 12 सूत्रीय मांगों को मनवाने के 11 अप्रैल को पूरे आगरा के सभी सरकारी कर्मचारी झोकेंगे ताकत - विनोद इलाहाबादी

**दैनिक समाज जागरण**

विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा




आगरा। बुधवार को शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा की मीटिंग उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ आगरा के तत्वाधान में सिंचाई विभाग प्रतापपुरा आगरा और आगरा विकास प्राधिकरण के कार्यालय में आयोजित की गई। सभी संगठनों के पदाधिकारियों द्वारा इस बात पर जोर दिया गया कि 11 अप्रैल को होने वाले धरने को सफल बनाया जाए। इसी क्रम में विकास प्राधिकरण कर्मचारी संघ के अध्यक्ष कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष वशीउल हसन मलिक द्वारा पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सरकार को आगाह किया कि सरकार कर्मचारियों की दमनकारी नीति को छोड़कर कर्मचारी हित की बात करते हुए पुरानी पेंशन को जल्द से जल्द बहाल करे अन्यथा की स्थिति में कर्मचारी आंदोलन की राह पर चल पड़ेगा। बैठक में शिक्षक कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के जिलाध्यक्ष महेश बघेल द्वारा धरने को सफल बनाने पर जोर दिया गया। उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ आगरा के जिला अध्यक्ष राजकुमार विद्यार्थी द्वारा भी इस बात पर जोर दिया गया। कि सरकार कर्मचारियों की 12 सूत्रीय माँगों को जल्द से जल्द माने उत्तर प्रदेश स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद इलाहाबादी ने सभी कर्मचारी की एकता पर जोर देकर कहा कि आप ज्यादा से ज्यादा सोशल मीडिया पर पोस्ट/शेयर/कमेंट करें जिससे एक वृहद जागरूकता आये कर्मचारी समाज में बैठक में सिंचाई विभाग के विजय कसाना अनिल मुद्गल राजेंद्र बघेल राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद से मानकेश्वर शर्मा सुशील पाराशर हरिओम यादव अटेवा संघ से जुग्गी लाल वर्मा नगर निगम से विनोद इलाहबादी राजकुमार आदि ने सभा को संबोधित किया।

## कोरोना मरीजों में इस बार दिखाई दे रहे हैं ये दो प्रमुख लक्षण, फ्लू से हैं मिलते-जुलते

कोरोना एक बार फिर अपना रंग दिखा रहा है. देश में कोविड के मरीजों की संख्या रोजाना बढ़ती जा रही है. पिछले 24 घंटों में 4 हजार से ज्यादा कोरोना मरीज सामने आ रहे हैं, वहीं सक्रिय मरीजों की संख्या भी अब 23 हजार से ऊपर हो गई है. हालांकि इस बार जो कोरोना संक्रमण हो रहा है उसमें कोरोना के सिर्फ दो ही लक्षण प्रमुखता से दिखाई दे रहे हैं. विशेषज्ञों की मानें तो यह कोरोना लगभग वायरल फीवर या फ्लू वायरस की तरह प्रतिक्रिया कर रहा है.

# 2017 के पहले चयन आयोगों पर उठते थे सवाल, युवाओं को करना पड़ता था आंदोलन : सीएम योगी

## *सीएम योगी ने मिशन रोजगार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को किया संबोधित*

**अभ्यर्थियों से बोले सीएम- सौभाग्यशाली है आपकी पीढ़ी, जो इस सरकार में नौकरी के लिए आवेदन किया**

**सीएम योगी ने कहा- युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले को जेल के चक्कर काटने पड़ जाएंगे**

**दैनिक समाज जागरण**



5 अप्रैल, लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 के पहले चयन आयोगों पर सवाल उठते थे, युवाओं को आंदोलन करना पड़ता था। चयन प्रक्रिया के पारदर्शी न होने की वजह से युवाओं को धरना-प्रदर्शन और आत्महत्या के लिए विवश होना पड़ता था। भाई-भतीजावाद का बोलबाला था। पैसे का लेनदेन होता था। कुछ लोगों के घरों से सूची बन कर जाती थी, जो योग्य नहीं होते थे उनको आयोग का अध्यक्ष बनाया जाता था। उन्होंने कहा कि आपकी पीढ़ी सौभाग्यशाली है कि आपने अपनी नौकरी के लिए इस सरकार के समय आवेदन किया, जिसमें पूरी ईमानदारी के साथ चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है। किसी भी स्तर पर सिफारिश की आवश्यकता महसूस नहीं हुई।

### यूपी में कार्य करना गर्व की बात

सीएम योगी ने बुधवार को मिशन रोजगार के अंतर्गत उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग एवं उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के तहत चयनित अभ्यर्थियों के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित किया। उन्होंने 13 से ज्यादा विभागों के चयनित हुए 795 अभ्यर्थियों को बधाई दी और कहा कि उत्तर प्रदेश में कार्य करना देश के किसी भी अधिकारी या कार्मिक के लिये गर्व की बात है। ये मान्यता है कि जिस अधिकारी या कार्मिक ने उत्तर प्रदेश के अंदर ईमानदारी से कार्य कर लिए वह देश और दुनिया के अंदर कहीं भी सफलता के नये झंडे गाड़ सकता है। यहां कार्य करने वाले कार्मिकों के बारे में यह धारणा इसलिए है क्योंकि यूपी देश की सबसे बड़ी आबादी का राज्य है।

सरकार की कार्यपद्धति ने यूपी की छवि पर लगे सभी प्रश्नों का उत्तर दे दिया है

सीएम योगी ने कहा कि 25 करोड़ की आबादी के बीच में शासन की योजनाओं को पूरी पारदर्शी तरीके से सभी तक पहुंचना एक बड़ा दायित्व है। उन्होंने कहा कि प्रशासन और उससे जुड़े हुए कार्मिक शासन और जनमानस के मध्य की महत्वपूर्ण कड़ी होते हैं। जितनी तत्परता और ईमानदारी के साथ यह सेतु का कार्य करते हुए अपने कर्तव्यों का निर्वहन करता है, शासन की छवि आम जनमानस के बीच उतनी ही अच्छी होती है। साथ ही शासकीय योजनाओं का लाभ आम जनमानस को उतनी ही तत्परता और पारदर्शी तरीके से मिलता हुआ दिखाई देता है। सीएम योगी ने कहा कि 2017 मैं मैंने कहा था कि यदि किसी ने युवाओं के जीवन के साथ खिलवाड़ किया तो उसको जेल के चक्कर काटने पड़ जाएंगे। उसे इस प्रकार की स्थिति में पहुंचाएंगे कि उसके परिवार का कोई भी व्यक्ति शासन की सेवाओं में आने का सपना नहीं देख पाएगा। आज सरकार की कार्यपद्धति ने यूपी की छवि पर लगे सभी प्रश्नों का उत्तर दे दिया है। सीएम योगी ने कहा कि विगत छह वर्ष के अंदर हमारी प्रशासनिक टीम ने शासन के साथ जनप्रतिनिधियों के साथ मिल कर के केंद्र और राज्य शासन की योजनाओं का शतप्रतिशत लाभ आम जनमानस तक पहुंचाने का कार्य किया है और इसके परिणाम भी देखने को मिल रहे हैं। शासन और प्रशासन के कार्य से ही प्रदेश की धारणा बदलती है। जब आम जनमानस की धारणा बदली है तो देश और दुनिया में भी प्रदेश की छवि बदलने में समय नहीं लगता है।

### 32 हजार को मिल चुका है नियुक्ति पत्र

मिशन रोजगार के तहत योगी सरकार प्रदेश के युवाओं को सरकारी और निजी क्षेत्र में नौकरी से लगातार जोड़ रही है। सरकार पिछले छह वर्ष में साढ़े पांच लाख से ज्यादा युवाओं को सरकारी नौकरी दे चुकी है। वहीं योगी 2.0 से अब तक की बात की जाए तो निष्पक्ष और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से प्रदेश सरकार 32 हजार 436 अभ्यर्थियों को सरकारी नौकरी का नियुक्ति पत्र वितरित कर चुकी है।

बोले अभ्यर्थी- पारदर्शी तरीके से हुआ चयन

खाद्य एवं रसद विभाग में विपणन निरीक्षक के पद पर नियुक्त हुई बाराबंकी की नेहा वर्मा ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी होने की वजह से ही हम लोगों का चयन हो पाया है। यही वजह है कि बड़ी संख्या में महिला अभ्यर्थी भी चयनित हो पाई हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपना कार्य पूरी ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से करूंगी।

श्रम एवं सेवा योजन विभाग में चिकित्सा अधिकारी के पद पर नियुक्त हुए प्रतापगढ़ के डॉक्टर रवि सिंह ने कहा कि अपने दायित्व का पूरी निष्ठा से निर्वहन करूंगा। उन्होंने मुख्यमंत्री समेत पूरी सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया की वजह से ही आज हम लोग यहां हैं।

उपभोक्ता संरक्षण एवं बाट माप विभाग में कनिष्ठ सहायक के पद पर नियुक्त हुईं अयोध्या की प्रतिमा शुक्ला ने कहा कि मिशन रोजगार के अंतर्गत हम चयनित हुए हैं। उन्होंने कहा कि यह भर्ती भी पिछली भर्तियों की तरह ही पूरी तरह से समयबद्ध, निष्पक्ष और पारदर्शी रही। उन्होंने कहा कि हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि मुख्यमंत्री की मौजूदगी में हमें नियुक्ति पत्र प्राप्त हो रहा है।

कार्यक्रम के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग लक्ष्मी नारायण चौधरी, श्रम एवं सेवायोजन समन्वय विभाग के मंत्री अनिल राजभर, प्राविधिक शिक्षा एवं उपभोक्ता मामले के मंत्री आशीष पटेल, आबकारी एवं मद्य निषेध के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल, रजिस्ट्रेशन, स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल, उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

## डीएम मनीष कुमार वर्मा ने तहसील सदर के ग्राम कनारसी में क्रॉप कटिंग प्रयोग का किया निरीक्षण

***डीएम ने इस अवसर पर ग्रामीणों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में विस्तार से दी जानकारी***

आज डीएम मनीष कुमार वर्मा ने जनपद गौतम बुद्ध नगर की तहसील सदर के ग्राम कनारसी में पहुंचकर खसरा नंबर 729 खेत में किसान फेरेराम की गेहूं की फसल में क्रॉप कटिंग प्रयोग का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत क्रॉप कटिंग का कार्य बहुत ही अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्रॉप कटिंग के माध्यम से ही बिन मौसम बरसात से हुई क्षति का आकलन किया जाता है और क्रॉप कटिंग के आधार पर ही क्षतिपूर्ति दी जाती है। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने उपस्थित किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई एवं ग्रामीणों से वार्ता की और ग्रामीणों की समस्याओं का गहनता के साथ अनुश्रवण करते हुए ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं को लेकर संबंधित प्राधिकरण को पत्र प्रेषित किया जाएगा ताकि उनके समस्याओं का निदान कराया जा सके। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर अंकित कुमार, तहसीलदार, अपर सांख्यिकी अधिकारी डॉ अलका चौहान तथा अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।



## दिनांक 13.05.2022 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से मोबाईल वैन द्वारा किया गया प्रचार-प्रसार।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में तथा माननीय जनपद न्यायाधीश गौतमबुद्धनगर द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों के क्रम में दिनांक 13.05.2023 को जनपद गौतमबुद्धनगर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के उद्देश्य से प्रचार वाहन द्वारा जनपद गौतमबुद्धनगर की तहसील दादरी व सदर में जनसामान्य के मध्य आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक सहभागिता के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। उक्त प्रचार वाहन के माध्यम से जनपद गौतमबुद्धनगर के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में भी राष्ट्रीय लोक अदालत के आयोजन के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया है। प्रचार वाहन के साथ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गौतमबुद्धनगर, पराविधिक स्वंय सेवक गण राजवीर सिंह अकेला, चांद मौहम्मद व अन्य



## राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), समाज कल्याण उत्तर प्रदेश, सरकार असीम अरुण की अध्यक्षता में चमड़ा एवं जूता उद्योग से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण**

**विष्णु सिकरवार**

**ब्यूरो प्रमुख आगरा**



आगरा। बुधवार को मा0 राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), समाज कल्याण उत्तर प्रदेश, सरकार असीम अरुण की अध्यक्षता में सर्किट हाउस सभागार में चमड़ा एवं जूता उद्योग से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर समीक्षा बैठक संपन्न हुई। उक्त बैठक का उद्देश्य मा0 मंत्री के विगत आगरा भ्रमण के दौरान चमड़ा एवं जूता उद्योग से जुड़े स्थानीय नागरिकों, समूहों के द्वारा दिये गये सुझावों एवं शिकायतों के सम्बन्ध में कार्य योजना बनाकर क्रियान्वयन सुनिश्चित करना था।

बैठक में चमड़ा एवं जूता उद्योग से जुड़े स्थानीय नागरिकों समूहों के माध्यम से प्राप्त सुझाव एवं शिकायतों पर विचार विमर्श किया गया, जिसमें चर्म कला बोर्ड के गठन की मांग के विषय पर संयुक्त आयुक्त उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र आगरा द्वारा अवगत कराया गया कि चर्म कला बोर्ड के गठन हेतु प्रस्ताव तैयार कर भेजा गया है, इस संबंध में जनपद स्तर से कार्यवाही न होकर, बोर्ड का गठन हेतु शासन स्तर पर कार्यवाही अपेक्षित है। बैठक में उद्योग से जुड़े स्थानीय नागरिकों, समूहों के द्वारा एलएएमसीओ राज्य स्तर की इस अण्डर टेकिंग पब्लिक सेक्टर कम्पनी को पुनर्जीवित करने हेतु सुझाव रखा गया, जिस पर मा0 मंत्री ने सम्बन्धित को कार्य मे प्रगति लाने के निर्देश दिए। बैठक में चर्म उद्योग से जुड़े स्थानीय नागरिकों, समूहों के द्वारा बताया गया कि दस वर्ष पूर्व आगरा में बनायी गयी जूता मण्डी समुचित रूप से संचालित नहीं हो रही तथा जिस उद्देश्य से स्थापना की गई थी, वह उद्देश्य पूरा नहीं हो रहा, जिस पर संयुक्त सचिव आगरा विकास प्राधिकरण द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में जूता मंडी में 149 क्लस्टर एवं 22 गोदाम रिक्त हैं, जूता मंडी का निर्माण कार्य दस वर्ष पूर्व हुआ था, जिस पर मा0 मंत्री ने इसको सही तरीके से संचालित कराने पर विचार करके कार्य योजना बनाकर प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कौशल विकास कार्यक्रम के तहत जूता उद्योग से जुड़े उद्यमियों को प्रशिक्षण आदि के सम्बन्ध में विचार किये जाने का सुझाव दिया गया, जिस पर मा0 मंत्री ने कहा कि जिला समन्वयक जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के तहत जूता उद्योग से जुड़े उद्यमियों को प्रशिक्षण की गुणवत्ता बढ़ाए जाने की आवश्यकता है एवं उद्योग के अनुरूप प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए। बैठक में चमड़ा एवं जूता उद्योग से जुड़े स्थानीय नागरिकों, समूहों के द्वारा श्रम विभाग के पोर्टल पर चर्म उद्योग से जुड़े मजदूरों, कारीगरों के पंजीकरण कराये जाने के सम्बन्ध में मांग रखी, जिस पर सहायक श्रमायुक्त श्रीमती पल्लवी अग्रवाल ने बताया कि श्रम विभाग के पोर्टल पर पंजीकरण हेतु भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत 40 श्रेणियों को भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार से संबंधित निर्माण कर्मकार को वर्गीकृत किया गया है, विभागीय पोर्टल पर चमड़ा कारीगर का रजिस्ट्रेशन कराया जाना सम्भव नहीं है, जिस पर मा0 मंत्री ने श्रम विभाग को प्रस्ताव प्रेषित करने के निर्देश दिये। बैठक में समाज कल्याण विभाग द्वारा कौशल विकास तथा उद्यमिता विकास के कार्यक्रम चलाये जाते हैं। कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान करने हेतु स्थानीय कारीगरों को बुलाया जा सकता है तथा इस प्रकार उद्योग को बढ़ावा दिया जा सकता है। जिस पर जिला समाज कल्याण अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा कौशल विकास तथा उद्यमिता विकास हेतु प्रधानमंत्री अनुसूचित जाति अभ्युदय योजना के कार्यक्रम चलाए जाते हैं इस प्रकार के कार्यक्रम के बारे में जानकारी प्रदान करने हेतु स्थानीय कारीगरों को बुलाया जाए या गली मोहल्लों में कैंप लगाकर इस योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के साथ ही उद्योग क्षेत्र को बढ़ावा भी मिलेगा और क्षेत्र का विकास होगा।

इस अवसर पर जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल, संयुक्त आयुक्त उद्योग अनुज कुमार, एडीए सचिव, श्रीमती गरिमा सिंह, उप निदेशक समाज कल्याण आनन्द कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार, सहायक श्रमायुक्त श्रीमती पल्लवी अग्रवाल एवं महामंत्री, रूप सिंह सोनी सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

## आरोपः नहर तोड़ बनाया निजी आवास, सत्ता के दबाव में कार्यवाही नहीं

**दैनिक समाज जागरण**

विष्णु सिकरवार ब्यूरो प्रमुख आगरा



आगरा। अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने ग्राम ऊसरा, तहसील फतेहाबाद, आगरा के प्रधान विनोद कुमार द्वारा सरकारी नहर तोड़कर उस पर अपना निजी निवास बनवा लिए जाने के आरोपों की जांच की मांग की है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित स्थानीय अधिकारियों को भेजी अपनी शिकायत में अमिताभ ठाकुर ने कहा कि उन्हें प्राप्त जानकारी और मौके के फोटो के अनुसार गांव में एक नहर बह रही थी जिसे प्रधान के निवास के ठीक पहले रोक कर ठीक उसके ऊपर अपना मकान बना लिया गया। इस संबंध में कई बार जांच हुई और प्रधान के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की संस्तुति की गई। किंतु उच्च पदस्थ सत्ताधारी नेताओं के दवाब में इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। उन्होंने इसे गंभीर बताते हुए ठोस कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## जिलाधिकारी ने कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, दुग्ध, सहकारिता, सिंचाई एवं नलकूप विभाग की योजनाओं की की गहन समीक्षा

**प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं से कोई भी पात्र किसान न रहे वंचित**



अधिकारीगण अपने-अपने विभागों की योजनाओं के संबंध में जनपद के माननीय जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद करें स्थापित उत्तर प्रदेश सरकार के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में किसानों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं का लाभ जनपद के पात्र किसानों को शत प्रतिशत उपलब्ध कराने के उद्देश्य आज जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में कृषि, पशुपालन, मत्स्य, उद्यान, दुग्ध, सहकारिता, सिंचाई एवं नलकूप विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की गहन समीक्षा करते हुए कहा की प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री जी की स्पष्ट मंशा है कि प्रदेश सरकार के द्वारा किसानों के हितार्थ जो योजना संचालित की जा रही हैं, उनका पात्र किसानों को शत प्रतिशत लाभ मिलना चाहिए। इसलिए सभी संबंधित विभाग के अधिकारी गण आपसी समन्वय स्थापित करते हुए किसानों के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं का लाभ जनपद के प्रत्येक पात्र किसानों तक पहुंचाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें, ताकि कोई भी पात्र किसान प्रदेश सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजना से वंचित ना रहे। जिलाधिकारी ने कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, मत्स्य विभाग, उद्यान विभाग, सहकारिता विभाग, सिंचाई विभाग एवं नलकूप विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की अपने-अपने विभागों में किसानों के हितार्थ संचालित योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने के उद्देश्य से व्यापक प्रचार प्रसार करें और अभियान चलाकर भी योजनाओं से वंचित पात्र किसानों को अपने-अपने विभागों की योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराएं, ताकि प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री की जो मंशा है, उसको मूर्त रूप प्रदान किया जा सके। जिलाधिकारी ने इस अवसर पर कृषि विभाग की समीक्षा करते हुए उप कृषि निदेशक को निर्देश दिए कि उनके द्वारा जनपद में सर्वे करा लिया जाए कि जिन किसानों की फसल बरसात से खराब हो गई है, उनका तत्काल आवेदन कराते हुए उनको आर्थिक सहायता उपलब्ध कराएं एवं अपने विभाग की समस्त योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करें ताकि प्रत्येक पात्र किसानों को योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। इसी प्रकार जिलाधिकारी ने सहकारिता विभाग के अधिकारी को निर्देश दिए कि उनके द्वारा भी बंद सहकारी समितियों को पुनः संचालित करने के लिए अपनी कार्य योजना तैयार करते हुए तत्काल रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। बैठक की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने समस्त विभागीय अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि उनके द्वारा अपने-अपने विभागों की योजनाओं को लेकर जनपद के माननीय जनप्रतिनिधियों के साथ निरंतर संवाद स्थापित किया जाए, ताकि जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भी ज्यादा से ज्यादा लोगों के बीच आपके विभागों की योजनाओं का प्रचार प्रसार हो सके और शत प्रतिशत पात्र किसानों को प्रदेश सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा सके। इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, उप कृषि निदेशक राजीव कुमार, जिला कृषि अधिकारी विनोद कुमार, जिला उद्यान अधिकारी शिवानी तोमर, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी बी0के0 अग्रवाल तथा अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की अध्यक्षता में मंत्रिपरिषद द्वारा निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए :-

अमृत 2.0 योजना के अन्तर्गत लखनऊ नगर के सरोजनी नगर

प्रथम एवं द्वितीय वॉर्ड तथा इब्राहिमपुर वॉर्ड में पेयजल आपूर्ति

योजना से सम्बन्धित प्रायोजना तथा लागत का प्रस्ताव अनुमोदित मंत्रिपरिषद ने अटल नवीकरण और शहरी रूपान्तरण मिशन-2.0 (अमृत 2.0) योजना के अन्तर्गत लखनऊ नगर के पेयजल डिस्ट्रिक्ट-डी के अन्तर्गत सरोजनी नगर प्रथम एवं द्वितीय वॉर्ड तथा इब्राहिमपुर वॉर्ड में पेयजल आपूर्ति योजना से सम्बन्धित प्रायोजना तथा व्यय वित्त समिति द्वारा उसकी अनुमोदित लागत 24616.65 लाख रुपये (जी0एस0टी0 एवं सेन्टेज सहित) के व्यय के प्रस्ताव को अनुमोदित कर दिया है।

लखनऊ नगर के सरोजनी नगर प्रथम एवं द्वितीय वॉर्ड तथा इब्राहिमपुर वॉर्ड के सभी परिवारों को पाइप लाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इस प्रायोजना में 24,363 पेयजल गृह संयोजन दिये जाएंगे, जिससे लगभग 1.17 लाख जनसंख्या लाभान्वित होगी।

# 55 हजार के फर्जी रेल ई टिकट के साथ एक जनसेवा केंद्र संचालक गिरफ्तार

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**



बलिया : उत्तर प्रदेश वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त वाराणसी डॉ.अभिषेक के निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक बलिया बीके सिंह ने मंगलवार को हल्दी थाना क्षेत्र के सोनवानी से एक को गिरफ्तार किया। उसके पास 55 हजार रुपये का फर्जी रेल ई टिकट मिला।

आरपीएफ के उप निरीक्षक जयेंद्र कुमार मिश्रा, हेड कांस्टेबल उदय प्रताप यादव, कांस्टेबल भीम चौरसिया, कॉन्स्टेबल अजय कुमार यादव, कांस्टेबल अमित मिश्र, कांस्टेबल पंकज साह द्वारा मुखबिर खास की सूचना के आधार पर ग्राम कृपालपुर पोस्ट सोनवानी, थाना हल्दी स्थित विवेक जन सेवा केंद्र पर छापा मारकर उक्त दुकान के संचालक विवेक वर्मा पुत्र शंभू नाथ वर्मा निवासी कृपालपुर पोस्ट-सोनवानी, थाना-हल्दी, जिला बलिया को फेक नाम पते से कुल 08 अदद फर्जी पर्सनल यूजर आईडी से आईआरसीटी के वेबसाइट पर बनाए गए लगभग 55 हजार रुपए का अवैध रेल ई-टिकट के साथ गिरफ्तार किया गया। एक आईडी का वह ऑथराइज एजेंट है। जिसके आड़ में ये रेल ई टिकट का अवैध कारोबार पिछले दो सालों से कर रहा था उक्त अवैध रेलवे ई टिकट के कारोबार में प्रयुक्त इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को जप्त किया गया।

# 30 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के उपरांत मिला प्रमाण पत्र और स्टाइपेंड

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो प्रमुख, समाज जागरण**




बलिया : राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक नाबार्ड के तत्वावधान में माँ सुरसरी सेवा संस्थान कथरिया द्वारा सियर ब्लॉक के फरसाटार ग्राम में स्वयं सहायता समूह की 30 महिलाओं के लिए सुक्ष्म उद्यमिता विकास कार्यक्रम एमईडीपी के अंतर्गत ड्रेस डिजाइनिंग वस्त्र निर्माण पर 14 मार्च से 28 मार्च तक 15 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, प्रशिक्षण की समाप्ति पर बुधवार को समापन एवं प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

आयोजन के मुख्य अतिथि एलडीएम राजकुमार पाण्डेय और नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मोहित यादव ने सभी 30 प्रतिभागियों को सफलता पूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरांत प्रमाण पत्र के साथ साथ स्टाइपेंड के रूप में 750 रुपये की प्रदान किए, इससे पूर्व अतिथियों का स्वागत समूह की महिलाओं द्वारा प्रेरणा गीत व स्वागत गीत के माध्यम से किया. साथ ही इस अवसर पर एलडीएम राजकुमार पाण्डेय और नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक मोहित यादव ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त हुनर से अपनी आजीविका में वृद्धि कर समाज में अपनी एक अलग पहचान बनाने का कार्य करेंगी, साथ ही दूसरी महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनेंगी। जिससे ये सभी लोग अपनी आमदनी में वृद्धि कर अपना तथा अपने परिवार का भरण पोषण करने में सहायक होंगी। माँ सुरसरी सेवा संस्थान के सचिव डॉ सुधीर कुमार सिंह ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की उपयोगिता पर चर्चा करते हुए कहा की महिलाओं के आत्मनिर्भर बनने की प्रक्रिया में यह प्रशिक्षण उपयोगी सिद्ध होगा, इस दौरान एफएलसीसी के निदेशक अनिल कुमार शुक्ल ने अपने विचारों द्वारा महिलाओं की हौसला अफजाई किया। कार्यक्रम का संचालन माँ सुरसरी सेवा संस्थान के प्रशिक्षण प्रभारी हरीश चंद्र ने किया, इस अवसर पर समूह की महिलाओं के साथ ही संस्था के कार्यकर्ता व प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

# पापड़ बेचने से लेकर पद्मश्री सम्मान तक, इमोशनल है सुपर-30 के फाउंडर आनंद कुमार की असल जिंदगी की कहानी

सुपर-30 के फाउंडर और मैथ गुरु बिहार के आनंद कुमार को पद्मश्री सम्मान मिला है. बुधवार शाम राष्ट्रपति भवन में आयोजित सम्मान समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें यह सम्मान दिया. गणितज्ञ और शिक्षक आनंद कुमार ने गरीब बच्चों की शिक्षा के क्षेत्र में काफी काम किया है. आनंद कुमार का जन्म भी एक गरीब परिवार में हुआ था. उन्होंने अपने जीवन में काफी संघर्षों को देखा और कई कठिन परिस्थितियों का सामना किया. गरीब बच्चों की जिंदगी संवारने के लिए उन्होंने काफी काम किया है.

पद्म श्री से सम्मानित सुपर 30 शैक्षिक कार्यक्रम के संस्थापक आनंद कुमार ने कहा,पिता के देहांत के बाद मैंने पापड़ बेचना शुरू किया. तब मुझे ऐसा लगा कि देश में मुझसे भी ज्यादा प्रतिभाशाली बच्चे हैं,

# अज्ञात कारणों से लगी आग, 20 एकड़ की खड़ी फसल पूरी तरह खाक

**शंकर सिंह, समाज जागरण**

लक्ष्मणपुर (बलिया) : फसल की तैयारी पर किसान अपने सपने पूरे करने का ख्वाब देखता है, परंतु कभी प्रकृति तो मानव जनित समस्याओं से उसके सपनों पर कुठाराघात हो जाता है। ताजा वाक्या नरही थाना क्षेत्र के पिपरा कला गांव का है।



गेहूं की पक कर तैयार फसल खेतों में खड़ी थी दोपहर के समय खेतों में आग की लपटें दिखाई देने लगी। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। लगभग 20 एकड़ में लगी फसल जलकर राख में तब्दील हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस और फायर ब्रिगेड को भी दी। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची भी परंतु तब तक सारी फसल जल कर राख हो चुकी थी।

आगलगी से मुख्य रूप से मुन्ना सिंह, रामजी सिंह, उदय प्रताप सिंह, कृष्णकांत सिंह का गेहूं और वही पड़ोस में रखे गुड्डू सिंह के मसूर के 3700 बोझ भी जलकर राख हो गए। इस घटना की वजह से किसानों के साल भर की मेहनत और पैसे दोनों का भारी नुक्सान हुआ है। स्थानीय किसानों ने राजस्व विभाग के कर्मचारियों को सूचना दे दी है जिससे क्षतिपूर्ति का आंकलन किया जा सके।

# आयोजित की गई निषाद राज गुह महाराज की पावन जयंती

**ब्रजेश दुबे, समाज जागरण**



गड़वार (बलिया) : निषादराज गुह महराज जी की पावन जयंती गोविंदपुर गांव में बुधवार को आयोजित की गई। कार्यक्रम में कांग्रेस के विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी रहे जैनेन्द्र पांडेय मिंटू बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जैनेन्द्र कुमार पांडेय मिंटू ने कहा कि निषाद राज का जो कार्य है वो उनुकरणीय है। जिन प्रभु राम का नाम से जीवन का भव सागर पार करते हैं उनको नदी पार करने में निषाद राज ने उनकी मदद की। आजाद भारत में सबसे पहले किसी निषद को कैबिनेट मंत्री बनाने का कार्य श्रीमती इन्दिरा गांधी जी ने किया, मछली पालन और बालु, पोखर पर अधिकार देने का कांग्रेस के शासन काल में हुआ आज सिर्फ झुनझुना पकड़ा कर ठगने का कार्य किया है। सोनम बिंद ने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में निषाद समाज को उचित भागीदारी के ठोकर खाने के लिए मजबूर हैं सिर्फ लालीपाप दिखा कर वोट लेने का कार्य किया गया। निषाद समाज को प्रियंका गांधी ने विधानसभा चुनाव में उचित भागीदारी दी। बाकी सभी ने झलने का कार्य किया। आने वाले दिनों में निषाद राज जी की जयंती बड़े स्तर पर मनाई जाएगी। अध्यक्षता राजेश बिंद पुर्व प्रधान और संचालन कन्हैया पांडेय ने किया। प्रमुख रूप से हीरा-राम, वशिष्ठ बिंद गडडु बिंद, अभिराम बिंद, रामकांत बिंद, धनावती बिंद, राजमुनी बिंद, तेतरी बिंद, उमा बिंद, राजकुमारियां बिंद, सन्तोष बिंद आदि उपस्थित रहे।

# श्री सारथी ने शिक्षा से वंचित बच्चों को शिक्षित करने का लिया संकल्प

**संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण**



नगरा (बलिया) : श्री सारथी सेवा संस्थान के तत्वाधान में मंगलवार की सायंकाल नगर पंचायत नगरा के बसफोर व मुसहर बस्ती के शिक्षा से वंचित गरीब बच्चो को शिक्षित करने के उद्देश्य से पठन पाठन सामग्री वितरित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडलीय अस्पताल आजमगढ़ ब्लड बैंक के राज नारायण गिरि ने पाठ्य सामग्री वितरित करने के उपरांत कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है, शिक्षा वह साधन है जो व्यक्ति को सफल व महान बनाती है। बच्चे कल के भविष्य हैं। बेहतर शिक्षा से ही समाज व देश का विकास संभव है। संस्थान के संस्थापक संजीव कुमार गिरि ने कहा कि श्री सारथी सेवा संस्थान के तरफ से झुग्गी झोपड़ी में रहने वाले गरीब बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए एक पहल द उड़ान शुरू की गई है। जिसमें गरीब बच्चों को मुफ्त पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराने के साथ ही निःशुल्क शिक्षा दी जाएगी। द उड़ान के संयोजक अवितेष सिंह रोशन ने कहा कि संस्था द्वारा आज पहले शाखा का शुभारम्भ किया गया है। शीघ्र ही ब्लॉक और तहसील स्तर पर गरीब बच्चो को चिन्हित कर उन्हें शिक्षा से जोड़ा जाएगा। कार्यक्रम में गणमान्य लोगों ने तीन दर्जन से अधिक गरीब बच्चो को कॉपी, पेंसिल, इरेजर सहित पाठ्य सामग्री वितरित किया। मौके पर वशिष्ठ नारायण पांडेय, सौरभ किशोर मिश्र, अभिषेक सिंह, रोहित शर्मा, सुधांशु सिंह, अनिल तिवारी, ओके जायसवाल, अमित राव आदि उपस्थित रहे। संचालन उड़ान के सह संयोजक धनजी पांडेय ने किया।

# धारा 144 को लेकर चौकी प्रभारी अखिलेश नारायण सिंह ने सुहेल देव स्वाभिमान पार्टी की बैठक को कराया स्थगित

**जुनेद अहमद,समाज जागरण।**

रतसर (बलिया) आगामी त्योहारों को लेकर जनपद में 30 अप्रैल तक धारा-144 लागू की गई है। जिला मजिस्ट्रेट के निर्देश पर जनपद के सीमा के अन्तर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थानों पर पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एक समूह के रूप में एक साथ एकत्रित नहीं होगे और न ही कोई जुलूस निकालेंगे। इसी का हवाला देकर चौकी प्रभारी ने सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी की बैठक



को रोक दिया।

धारा 144 में न ही कोई धरना प्रदर्शन करेगा और न ही कोई ऐसी अफवाह फैलाएंगे, जिससे शान्ति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। मंगलवार को नव सृजित नगर पंचायत में सुहेल देव स्वाभिमान पार्टी द्वारा कस्बा स्थित बीका भगत के पोखरे पर बैठक को लेकर तैयारी चल रही थी। बैठक की सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी अपने हमराहियों के साथ बीका भगत के पोखरे पर पहुंचकर बैठक स्थगित करा दी। चौकी प्रभारी अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि कोई भी व्यक्ति ऐसा भाषण या नारा नहीं लगाएगा न ही इस प्रकार का प्रचार प्रसार करेगा। कोई भी व्यक्ति नई परम्परा अथवा गैर परम्परागत कार्यक्रम नहीं करेगा। बताया कि आदेश का उल्लघंन भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

# दूसरी बार लगातार जिलाध्यक्ष बनकर आए राजमंगल यादव का भव्य स्वागत

## पूर्व मंत्री अंबिका चौधरी, रामगोविंद चौधरी सहित सभी नेताओं ने किया स्वागत

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो प्रमुख, समाज जागरण**



बलिया.: समाजवादी पार्टी के दूसरी बार अध्यक्ष मनोनीत होने पर जनपद आगमन पर राज मंगल यादव का जोरदार स्वागत किया गया।

राज मंगल यादव लखनऊ छपरा एक्सप्रेस ट्रेन से बलिया स्टेशन पर उतरे जहां कार्यकताओं का हुजूम उनका स्वागत किया। वहीं से सीधे नव मनोनीत अध्यक्ष पार्टी के जिला कार्यालय पर पहुंचे जहां पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं सहित जनपद के कार्यकताओं ने फूल मालाओं से लाद दिया इस अवसर पर सर्वश्री रामगोविंद चौधरी, अंबिका चौधरी, मोहम्मद रिजवी, संग्राम सिंह यादव, जयप्रकाश अंचल, राजीव राय, सनातन पांडेय, छोटे लाल राजभर, अरविन्द गिरि सुशील पाण्डेय कान्हजी, राजन कनौजिया, बंशीधर यादव, अजय यादव, रविंदर यादव, रामेश्वर पासवान, जलालुद्दीन, आशुतोष ओझा, प्रभुनाथ यादव, संजय यादव, अनिल राय, शशिकांत चतुवेर्दी, चंद्रशेखर सिंह, आनंद चौधरी, भीम चौधरी, कृष्णा प्रधान, कुबेर तिवारी, शैलेश सिंह, निशु श्रीवास्तव, अनन्त मिश्र, विजय शंकर यादव, भीष्म यादव, हरेंद्र सिंह, संकल्प सिंह, धनंजय सिंह बिसेन, दीवान सिंह, जमाल आलम आदि उपस्थित रहे।

# जीराबस्ती गांव में जिलाधिकारी के सामने हुई गेहूं की क्राप कटिंग

## -जनपद कध उत्पादकता जांचने की सबसे महत्वपूर्ण प्रक्रिया है यह

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो प्रमुख, समाज जागरण**





बलिया : सदर तहसील क्षेत्र के जीराबस्ती गांव में जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार की उपस्थिति में क्राप कटिंग का शुभारम्भ हुआ। जिलाधिकारी के सामने चार किसानों के खेत से गेहूं की क्राप कटिंग कर उत्पादकता जांची गयी। फसलों के उत्पादन तथा उत्पादकता का अनुमान का सही आकलन करने के उद्देश्य से राजस्व निरीक्षकों व लेखपालों द्वारा भारत सरकार के सीसीई एग्री ऐप के माध्यम से क्राप कटिंग के निर्देश प्राप्त थे।

रैण्डम आधार पर जीराबस्ती में चार किसानों के खेत का चयन हुआ। दस मीटर के समबाहु त्रिभुज के आकार में घेरा बनाकर फसल की कटिंग करायी गयी और मढ़ाई कर उत्पादकता देखी गयी। रैण्डम आधार पर चयनित चारों के किसानों के खेत से क्रमशः 9.165 किग्रा, 13.680 किग्रा, 7.610 किग्रा तथा 12.970 किग्रा गेहूं निकला। जिलाधिकारी ने कहा कि यह अत्यंत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसी के जरिए फसल के उत्पादन व उत्पादकता का सही आकलन किया जाता है। इस कार्य में कानूनगो लेखपाल पूरी गंभीरता से कार्य करना सुनिश्चित कराएंगे। इस अवसर पर सांख्यिकी अधिकारी शोभनाथ, नायब तहसीलदार शैलेश यादव व संत विजय सिंह, लेखपाल विनय दूबे, कानूनगो तारकेश्वर सिंह व वहां के स्थानीय किसान मौजूद थे।

# अपने मित्रों के साथ भागड़ नाले में नहाने गया युवक डुबा, मौत

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : बैरिया थाना क्षेत्र के भागड़ नाले में दोस्तों के साथ स्नान करने गया युवक डुब गया। स्थानीय लोगों और दोस्तों ने उसे पानी से निकाल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा पहुंचाया किन्तु चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया।

जवाहर टोला निवासी आनंद वर्मा (15) पुत्र संतोष वर्मा गांव के ही अपने कुछ दोस्तों के साथ भागड़ नाले में स्नान को उतरा था। नहाते वक्त ही वह अचानक गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। मित्र को डूबता देख साथी बाहर निकल चिल्लाने लगे। आवाज सुन स्थानीय लोग एकत्र हुए। एक साहसी युवक नाले में उतर उसे निकाला और सीएचसी सोनबरसा ले गए। चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। आनंद के पिता मंदबुद्धि हैं और मां मजदूरी करती है। वह दो भाइयों में बड़ा था। परिवार में अचानक कोहराम मच गया है।

फाइलेरिया उन्मूलन

# 30 रोगियों को मिली रुग्णता प्रबंधन किट

## प्रशिक्षण के माध्यम से फाइलेरिया प्रभावित अंगों के लिए किया जागरूक

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**




बलिया : जनपद में मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रतसर के अंतर्गत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पचखोरा पर कैम्प आयोजित कर 30 फाइलेरिया रोगियों को प्रशिक्षण दिया गया। इसके साथ ही फाइलेरिया प्रभावित अंगो की रुग्णता प्रबंधन के लिए एमएमडीपी किट प्रदान की गयी। प्रशिक्षण में जिला मलेरिया अधिकारी (डीएमओ) सुनील कुमार यादव ने कहा कि फाइलेरिया मच्छर जनित रोग है। यह मादा क्यूलेक्स मच्छर के काटने से होता है। इसे लिम्फोडिमा (हाथी पांव) भी कहा जाता है। यह न सिर्फ व्यक्ति को दिव्यांग बना देती है बल्कि इस वजह से मरीज की मानसिक स्थिति पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। शुरू में डॉक्टर की सलाह पर दवा का सेवन किया जाए तो बीमारी को बढ़ने से रोक सकते है` इससे बचाव के लिए मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर के आस- पास व अंदर साफ-सफाई रखें, पानी जमा न होने दें और समय-समय पर रुके हुए पानी में कीटनाशक, जला हुआ मोबिल, डीजल का छिड़काव करते रहें। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जनपद में फाइलेरिया के 3514 मरीज हैं। इसमें हाइड्रोसील के 768 और लिम्फोडीमा के 2746 मरीज हैं। हाइड्रोसील के 768 मरीजों में से 107 मरीजों का सफल ऑपरेशन हो चुका है। लिम्फोडीमा के 2746 मरीजों में से 1464 मरीजों को एमएमडीपी किट वितरित की जा चुकी है। डीएमओ ने फाइलेरिया प्रभावित अंगों के रुग्णता प्रबंधन का अभ्यास कराया और बताया कि इससे बचने के लिए एमडीए अभियान के दौरान दो वर्ष से ऊपर के सभी लोगों को दवा का सेवन करने की आवश्यकता है। दवा के सेवन से फाइलेरिया रोग से बचा जा सकता है।

उन्होंने बताया कि फाइलेरिया के मरीजों के प्रभावित अंग को अच्छी तरह से साफ-सफाई कर रखना चाहिए, ताकि किसी प्रकार के संक्रमण से मरीज न प्रभावित हो। इसके लिए उन्हें साफ-सफाई और दवा का सेवन नियमित रूप से करना जरूरी है।

ब्लॉक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक अनिल कुमार ने बताया कि मंगलवार को 30 रोगियों को फाइलेरिया रोग से बचाव के लिए एमएमडीपी किट प्रदान की गई। इस किट में हाथ धोने का साबुन, टब, बाल्टी, मग, तौलिया, ग्लब्स एवं आवश्यक दवा आदि शामिल है। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी दीपिका पंत, ब्लॉक सामुदायिक प्रक्रिया प्रबंधक अनिल कुमार, सीफार संस्था के एलएफ टीम के जिला कार्यक्रम समन्वयक आशीष कुमार पाण्डेय,ब्लॉक कॉर्डिनेटर शुभ नाथ चौबे आदि उपस्थित रहे।

# चंद्रशेखर हाफ मैराथन में प्रथम दिवस रजिस्ट्रेशन का आंकड़ा सैकड़ा पार

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर की जयंती पर बलिया में 19 अप्रैल को राष्ट्रनायक चन्द्रशेखर मैराथन समिति द्वारा आयोजित पंचम चंद्रशेखर हाफ मैराथन सद्भावना दौड़ में 05 अप्रैल से 17 अप्रैल 2023 तक आनलाईन पंजीयन का समय निर्धारित किया गया है।

18 अप्रैल को रिपोर्टिंग डेट के साथ ही आफलाइन पंजीकरण का शनिर्धारण



हुआ है।

सचिव उपेन्द्र सिंह ने बताया कि प्रथम दिन साईट खुलते ही 113 प्रतिभागियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है। जिसमें गुजरात, राजस्थान, हरियाणा जम्मू कश्मीर, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड के साथ साथ उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में रजिस्ट्रेशन कराया है। बताया कि बलिया में आयोजित इस प्रतियोगिता में प्रतिभागिता के लिए खिलाड़ी बहुत ही उत्साहित हैं। समिति के पदाधिकारी सफल आयोजन हेतु जी जान से जुटें हुए हैं।

# आग लगने से 25 बीघा गेहू की फसल जलकर राख, किसानों के माथे पर पड़ा बल

**संतोष कुमार द्विवेदी, समाज जागरण**

नगरा (बलिया) : भीमपुरा थाना क्षेत्र के जजौली नं दो गांव में बुधवार की दोपहर में चिंगारी से गेहूं की फसल में आग लग गई। ग्रामीण व किसान जब तक आग बुझाने का प्रयास करते, विकराल रूप धारण कर चुकी आग ने 25 बीघा गेहूं की फसल को अपने आगोश में ले लिया।

ग्रामीण काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाएं। आगलगी से हुई नुकसान से किसानों के माथे पर बल पड़ गया है। भीमपुरा थाना क्षेत्र के जजौली न दो गांव में नहर के समीप कुछ लड़के हाबुस फुकने के लिए आग जलाए थे। हवा तेज होने के कारण आग से निकली चिंगारी उड़कर गेहूं के खेत में चली गई और बच्चे जबतक कुछ समझ पाते आग लग गई। आग लगते लड़के डरकर भाग खड़े हुए। पलक झपकते ही आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। आगलगी की घटना में किसान राजेश कनौजिया का 12 मंडा, मोतीचंद कनौजिया का 10 मंडा, गोपाल सिंह का 16 मंडा, प्रह्लाद सिंह का 7 बीघा, विनोद सिंह का 18 मंडा , विरजु कनौजिया का 5 मंडा, सुधाकर यादव का 2 बीघा, विजय बहादुर सिंह का 32 मंडा , चौथी यादव का 3 बीघा , कैलाश कनौजिया का 12 मंडा, रामबली यादव का 1 बीघा, मनोज कनौजिया का 4 मंडा व मार्कण्डेय का 3 मंडा गेहूं की फसल जलकर राख हो गयी। आग लगने की सूचना ग्रामीणों ने फायर बिग्रेड को देने के साथ ही आग बुझाने के लिए जुट गए। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फायर बिग्रेड की गाड़ी पहुंचते पहुंचते सब कुछ जलकर स्वाहा हो चुका था। आग से हुए नुकसान से किसानों के सामने अनाज व पशुओं के चारे की समस्या खड़ी हो गई है।

# श्री सनातन जन कल्याण सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष हुए सत्येंद्र सिंह

**नित्यानंद सिंह, समाज जागरण**



बैरिया (बलिया) : स्थानीय तहसील क्षेत्र के करण छपरा निवासी सतेन्द्र कुमार सिंह पूर्व एसआई एवं अधिकार सेना के मंडल अध्यक्ष/जिला अध्यक्ष चंदौली को श्री सनातन जन कल्याण सेवा समिति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया।

श्री सनातन जन कल्याण समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष गंगा नाथ शुक्ला महाराज सनातन धर्म,विचारधारा से विचारों से मिलने एवं कर्मठता पर सत्येंद्र सिंह को प्रदेश अध्यक्ष पद पर मनोनीत किया। सनातन धर्म के अनुयायिओं को संगठित करके समाज में नव निर्माण में आपके द्वारा किए जा रहे प्रयासों एवं संस्था के उद्देश्यों के प्रति आपकी लगन एवं निष्ठा के समर्पित भाव को ध्यान में रखते हुए संस्था आपको श्री सनातन जन कल्याण सेवा समिति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पद पर मनोनीत करती हैं। आपसे अपेक्षा की जाती हैं कि आप अपने प्रायासो को और प्रखर करते हुए श्री सनातन जन कल्याण सेवा समिति को पूर्ण निष्ठा एवं लगन से भविष्य में भी संगठित और करते रहेंगे। सत्येंद्र सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को आभार प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि जो दायित्व मुझे मिला है उसे जिम्मेदारी से निर्वाह करूंगा।

# विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के प्रदेश संरक्षक बने पं. राजीव उपाध्याय

शशिकांत ओझा, ब्यूरो प्रमुख, समाज जागरण



बलिया : जिला ही नहीं पूर्वांचल और पूरे प्रदेश के प्रतिष्ठित ब्राह्मण पं. गोरखनाथ उपाध्याय के परिजन वरिष्ठ कांग्रेस नेता पं. राजीव उपाध्याय को विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ का प्रदेश संरक्षक नामित किया गया है।

बलिया के कोरंटाडीह (उजियार भरौली) निवासी पं. राजीव उपाध्याय को विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष जनदीप दुबे ने उत्तर प्रदेश का प्रदेश संरक्षक नामित तत्काल प्रभाव से किया है। उम्मीद जताई है कि पं. राजीव उपाध्याय के पदभार ग्रहण करने के साथ ही संस्था पूरे प्रदेश में निर्वाह गति से संचालित होगी। पं. राजीव उपाध्याय को बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है।

# संरक्षित होगें मवेशी, भौतिक सत्यापन कर होगा भुगतान

**- नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश संरक्षण की समीक्षा बैठक**
**- शत-प्रतिशत निराश्रित गोवंश संरक्षित करने के दिये निर्देश, होगी मानिटरिंग**

**आशुतोष चतुवेर्दी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**



मऊ : जनपद हेतु शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी शेषमणि पांडेय विशेष सचिव हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग की अध्यक्षता में निराश्रित गोवंश संरक्षण के संबंध में समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई। बैठक के दौरान मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एमएम प्रसाद ने बताया कि जनपद में पुराने और नए कुल 52 आश्रय स्थलों में कुल 5056 आवारा पशुओं को संरक्षित किया गया है। इसके अलावा सहभागिता योजना के तहत 437 पशुओं को लोगों के माध्यम से संरक्षित किया जा रहा है। 20 जनवरी से 31 मार्च 2023 तक अभियान चलाते हुए कुल 432 गोवंश संरक्षित किए गए। समीक्षा के दौरान पर्याप्त धन उपलब्ध होने के बावजूद पिछले 2 माह का भुगतान न होने पर नोडल अधिकारी ने भौतिक सत्यापन के उपरांत तत्काल भुगतान करने के निर्देश दिए। पशुओं का शत प्रतिशत ईयर टैगिंग करने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान नोडल अधिकारी ने सड़कों एवं खेतों में घूमने वाले आवारा पशुओं को निकटतम गौ आश्रय स्थलों में तत्काल संरक्षित करने के भी निर्देश दिए। सुपुर्दगी वाले कुछ जानवरों के मरने पर उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी को पशुओं के मरने के कारणों की जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा। जनपद में नए समस्त संचालित गो आश्रय स्थलों पर समस्त मूलभूत आवश्यकताएं सुनिश्चित करने के भी निर्देश नोडल अधिकारी द्वारा दिए गए। गेहूं की कटाई को देखते हुए उन्होंने आवश्यक मात्रा में भूसे की खरीद करने के भी निर्देश दिए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर समस्त खंड विकास अधिकारी सहित समस्त नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

# केक काटकर एमएलसी चंचल सिंह ने मनाया कन्या का जन्मोत्सव

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**



गाजीपुर। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया है कि आज दिनांक 05.04.2023 को ब्लाक देवकली गाजीपुर में बेटी बचाओ बेटी पढाओ योजना के अन्तर्गत मुख्य अतिथि विशाल सिंह चंचल, सदस्य विधान परिषद की उपस्थिति में केक काटकर कन्या जन्मोत्सव का कार्यक्रम किया गया। जिसमें कुल 12 कन्याएं थी सभी कन्याओ को बेबी कीट, टॉवल, मिष्ठान वितरित कर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया । कार्यक्रम में नरेन्द्र विश्वकर्मा पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं महिला कल्याण विभाग से महिला शक्ति केन्द्र टीम के महिला कल्याण अधिकारी नेहा राय व जिला समन्वयक लक्ष्मी मौर्या उपस्थित रही।

## राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर सपा जनों ने महर्षि कश्यप व निषादराज की जयन्ती मनायी

**दिलीप जायसवाल ब्यूरो चीफ समाज जागरण**

जौनपुर। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर बुधवार को सृष्टि निमार्ता महर्षि कश्यप व श्रृंगवेरपुर राजा महाराजा निषादराज की जयंती मनी जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष डा.



अवधनाथ पाल ने किया। इस मौके पर उन्होंने बताया कि महर्षि कश्यप का अखण्ड तप, अलौकिक ज्ञान, धर्मनिष्ठा, परोपकारिता, अद्भुत तेज आदि समस्त लोकों में गुंजायमान था। बाल सखा श्रृंगवेरपुर राजा महाराजा ने प्रभु श्रीराम से मित्रता को युगों-युगों के लिए सार्थक किया। वहीं आज भाजपा सरकार ने इस देश में ऐसा राजा बनाया है जो अपने मित्र अडानी को मजबूत बनाने के लिए देश की प्रजा के हक अधिकार सरकारी संपत्ति को उन्हें बेचकर उनसे मित्रता निभाने का काम कर रहे हैं। ऐसे में हम समाजवादी लोगों की जिम्मेदारी है कि ऐसी मित्रता को जो देश को बेचकर निभाते हैं, उस राजा को देश से हटाकर सही मित्रता वाले दोस्त को बैठाया जाय। इस अवसर पर पूर्व विधायक राज नरायन बिन्द, लाल बहादुर यादव, डा. जितेन्द्र यादव, राजन यादव, राहुल त्रिपाठी, राजकुमार बिन्द, श्रवण जायसवाल गांधी, हीरा लाल विश्वकर्मा, दीपचन्द राम, राजेश यादव, अनवारुल हक, इरशाद मंसूरी, सोचन राम विश्वकर्मा, गजराज यादव, रमेश साहनी, जगदीश प्रसाद मौर्य गप्पू, निजामुद्दीन अंसारी, विरेंद्र यादव, मुकेश यादव, अबूसाद अहमद, लक्ष्मीशंकर यादव सहित तमाम सपाजन उपस्थित रहे।

## प्राणायाम एवं व्यायाम का नियमित करें अभ्यास : राज यादव

### *5 दिवसीय योग शिविर बिहारी पीजी कॉलेज में सम्पन्न*

**दिलीप जायसवाल ब्यूरो चीफ समाज जागरण**

मछलीशहर, जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र में स्थित बिहारी महिला पीजी कालेज में बीएड विभाग के छात्राध्यापिकाओं के लिए आयोजित 5 दिवसीय विशेष योग प्रशिक्षण शिविर का समापन हो गया।



योग प्रशिक्षक राज यादव जिला महाविद्यालय प्रभारी युवा भारत पतंजलि जौनपुर ने छात्राध्यापिकाओं को योगिंग जॉगिंग, सूर्य नमस्कार, वृक्षासन, ताड़ासन, ध्रुवासन सहित तमाम आसनों एवं भस्त्रिका प्राणायाम, कपाल भाति, प्राणायाम का विधिवत अभ्यास कराते हुए उनसे होने वाले लाभों के बारे में बताया। साथ ही कहा कि हमें योग को अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करना होगा। योग से हमारा शरीर ऊजार्वान रहता है। इस अवसर पर प्राचार्य शैलेंद्र कुमार, डॉ संजय यादव, डॉ विनय प्रकाश यादव, डॉ विजय बहादुर यादव, डॉ सुशील मिश्रा, डॉ संजीव चतुवेर्दी, डॉ विजेंद्र गुप्ता, डॉ आलोक कुमार, लक्ष्मीशंकर यादव, रेनू यादव सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## सर्वशिक्षा अभियान को लेकर स्कूली बच्चों ने निकाली रैली

चौकियां धाम, जौनपुर। मां शीतला चौकियां धाम के बगल में स्थित इंग्लिश मीडियम प्राथमिक विद्यालय चौकीपुर विकास




खण्ड धमार्पुर के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान के तहत जागरूक रैली निकाली। इस मौके पर स्कूली बच्चे अपने हाथ में स्कूल चलो अभियान के बैनर के पीछे जागरूकता का संदेश लेखन लेकर बैण्ड–बाजे के साथ क्षेत्र में भ्रमण किये। शिक्षकों ने घर–घर जाकर लोगों से छोटे–बड़े बच्चों को स्कूल चलो अभियान के तहत स्कूल भेजने की अपील किया। इस अवसर पर ममता श्रीवास्तव प्रधानाध्यापक के अलावा रश्मि वर्मा, सहायक अध्यापक, अंकिता उपाध्याय सहायक अध्यापक, शिखा मौर्या सहायक अध्यापक समेत अनेक बच्चे मौजूद रहे।

## जया दुर्गवंशी ने द्वितीय स्थान पाकर परिवार व विद्यालय का नाम किया रोशन

जौनपुर। नगर के वाजिदपुर में स्थित नेहरू बालोद्यान की कक्षा 11 की छात्रा जया दुर्गवंशी ने अपनी कक्षा में द्वितीय स्थान लाकर दोबारा से अपने विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया। बताते चलें कि जया ने कक्षा 10 में 94 प्रतिशत नंबर लाकर अपने विद्यालय और परिवार का नाम रोशन किया था। बता दें कि जया नगर के तारापुर कॉलोनी निवासी पत्रकार प्रशांत विक्रम सिंह की पुत्री है। इस बाबत पूछे जाने पर जया का कहना है कि उसका लक्ष्य भविष्य में अच्छी शिक्षा प्राप्त करके देश की सेवा करना है।

## शहर की समस्याओं/शिकायत एवं सुझाव के लिये विभाग ने जारी किए टोल फ्री नंबर

जौनपुर। शहर में अमृत कार्यक्रम के अन्तर्गत संचालित सीवरेज परियोजना के कार्यों में नगरवासियों सहित राहगीरों के किसी भी शिकायत/सुझाव हेतु टोल फ्री नम्बर 18002577846 जारी कर दिया गया है। इस नम्बर पर काल करके कोई भी व्यक्ति अपनी शिकायत या सुझाव दर्ज करा सकता है जिनका समय से निस्तारण किया जायेगा। इस आशय की जानकारी सचिन सिंह अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड उत्तर प्रदेश जल निगम (नगरीय) जौनपुर ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी है।

# दीवानी न्यायालय में विभिन्न स्टालों की नीलामी 18 को : अपर जिला जज

जौनपुर। अपर जिला जज/अध्यक्ष नीलामी समिति जनपद न्यायालय शरद त्रिपाठी ने विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु जनपद न्यायालय परिसर में स्थित दुकानों/प्रतिष्ठानों जैसे कैण्टीन न्याय भवन, पान शाप 1, पान शाप 7, स्टेशनरी शाप उत्तरी की नीलामी 18 अप्रैल को अपरान्ह 2 बजे परिसर सभागार में की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार नीलामी की शर्तो के तहत भाग ले सकते हैं। प्रतिभागी को 17 अप्रैल के सायं 4 बजे तक धरोहर/प्रतिभूति की धनराशि नकद रोकड़ के रुप में नजारत अनुभाग में जमा करना अनिवार्य होगा। नीलामी सम्बन्धी विवरण एनआईसी की वेबसाइट, नोटिस बोर्ड जनपद न्यायालय, जिला पंचायत, नगर पालिका परिषद, जिला चिकित्सालय, कलेक्ट्रेट, लोक निर्माण विभाग, रेलवे स्टेशन, बस स्टैण्ड आदि पर देखा जा सकता है। इस सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए दीवानी न्यायालय के नजारत अनुभाग से सम्पर्क

# संभावित दावेदारों की नब्ज टटोलने में लगे सभी राजनीतिक दल

**सभी दल दावेदारों के मजबूती की टटोल रहे नब्ज**
**- संख्या बढ़ने से राजनीतिक दलों की भी बढ़ी मुश्किल**

**आशुतोष चतुवेर्दी, ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**




मऊ : नगर निकाय पंचायत चुनाव की अधिसूचना और आरक्षण सूची जारी होने के बाद संभावित दावेदार पूरी ताकत से चुनाव को अपने पाले में करने के लिए जुट गए हैं, लेकिन राजनीतिक दल अभी दावेदारों के मजबूती का नब्ज टटोल रहे हैं कि आखिर किस पर दांव लगाया जाए। ताकि मजबूत दावेदार जीतकर उनके दल की नैया को पार लगा सके। वही संभावित दावेदार लिए दिन-रात क्षेत्र में मतदाताओं पर अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए अपने लाव-लश्कर के साथ भ्रमण कर रहे हैं। जनपद में एक नगर पालिका सहित कुल दस नगर पंचायतें है। प्रत्येक नगर पंचायत में हर दल के लगभग तीन से चार संभावित दावेदार है, जो स्वयं को पार्टी का प्रमुख दावेदार बताकर लोगों के बीच प्रचार करने में जुट गए हैं। इसमें कुछ तो पार्टी के दिग्गज नेता है, जो पिछले कई चुनाव से पार्टी के सिंबल पर चुनाव मैदान में जोर आजमाइश कर चुके है। पूर्व में बसपा के ऐसे चुनाव में सिंबल नहीं देने से अधिकतर सपा का बैनर और चुनाव चिह्न मैदान में देखने को मिल रहा है। वहीं भाजपा के सत्ता में होने से टिकट लेने वालों की होड़ मची हुई है। जनता के बीच जाकर प्रचार करने वाला हर प्रत्याशी खुद को ही दावेदार बता रहा है। हालांकि अभी तक संभावित प्रत्याशियों को लेकर किसी भी दल ने पत्ते नहीं खोले है। कोई भी आधिकारिक रूप से कुछ भी बोलने को तैयार नहीं है, जबकि पार्टी अंदरूनी तौर पर संभावित प्रत्याशियों को लेकर सर्वे भी कर रही है कि कौन सा नेता चुनावी समर में उनके लिए उपयोगी साबित होगा। सभी दल संभावित की सूची बनाकर शीर्ष नेताओं को भी दे रहे हैं। वहीं टिकट फाइनल होने के बाद असंतुष्टों को भी मनाने पर जबरदस्त मंथन चल रहा है।

# स्कूल चलो अभियान नवीन शैक्षिक सत्र का एमएलसी चंचल सिंह ने किया शुभारंभ

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**



गाजीपुर। ब्लाक संसाधन केंद्र शिक्षा क्षेत्र देवकली बरहपुर गाजीपुर के प्रांगण में स्कूल चलो अभियान नवीन शैक्षिक सत्र का शुभारम्भ विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल की अध्यक्षता में हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल का स्वागत विशिष्ट अतिथि उपजिलाधिकारी सैदपुर उपेन्द्र पटेल द्वारा पुष्प गुच्छ,स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम देकर किया गया। विशिष्ट अतिथि रहे उपजिलाधिकारी उपेन्द्र पटेल का स्वागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजीपुर हेमंत राव द्वारा पुष्प गुच्छ ,स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम देकर किया गया व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का स्वागत खण्ड शिक्षा अधिकारी देवकली द्वारा पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम देकर किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारम्भ विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह चंचल द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर द्वीप प्रज्वलित कर के किया गया तत्पश्चात कंपोजिट विद्यालय बरहपुर की छात्रों द्वारा स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना गीत एवं कंपोजिट विद्यालय रामपुर मांझा की छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत किया गया। नवीन शैक्षिक सत्र 2023-24 में अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराया जाए ,इसके लिए प्रदेश सरकार दृढ संकल्पित है ,इसी क्रम में विधान परिषद् सदस्य द्वारा 10 बच्चों का नामांकन प्रवेश फॉर्म भरकर किया गया तत्पश्चात नामांकित छात्रों को शासन द्वारा प्रदत्त निशुल्क पाठ्य पुस्तक भी वितरित करते हुए बच्चों में मिष्ठान भी वितरित किया गया। तत्पश्चात कंपोजिट विद्यालय बुढ़नपुर एवं तारडीह के बच्चों द्वारा क्रमशः जुडो-कराटे एवं योगा प्रदर्शन अतिथियों के समक्ष प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इसके उपरान्त कक्षास्तर के अनुरूप भाषा एवं गणित विषय के निर्धारित निपुण लक्ष्यों को प्राप्त करने वाले 10-10 निपुण बालक एवं बालिकाओं को मुख्य अतिथि एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया तत्पश्चात कक्षा कक्ष संचालन में सकारात्मक योगदान एवं नवाचार के क्षेत्र में किये गए कार्यों को करने वाले ब्लाक के सर्वोत्तम अध्यापक एवं शिक्षामित्रों, ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत किये गए उल्लेखनीय कार्य करने वाले विकास खण्ड देवकली के 10 ग्राम प्रधानो एवं सामुदायिक सहभागिता में सक्रीय योगदान देने वाले विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्षों को भी विधान परिषद् सदस्य, उपजिलाधिकारी सैदपुर एवं जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजीपुर द्वारा प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया। तत्पश्चात विकास खण्ड देवकली के अध्यापकों द्वारा स्कूल चलो अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत बाइक रैली निकाल कर जन समुदाय को शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया गया। विधान परिषद् सदस्य ने अपने उदबोधन में कहा कि गाँव का प्रत्येक बच्चा शिक्षा से वंचित ना रहे ,प्रत्येक बच्चे को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ना ही इस अभियान का मुख्य उद्देश्य है। उपजिलाधिकारी सैदपुर ने वहा उपस्थित ग्रामवासियों से आवाहन किया कि जनसमुदाय को अपनी सक्रिय सहभागिता निभाते हुए अधिक से अधिक बच्चों का नामांकन अपने नजदीकी परिषदीय विद्यालयों में कराने का आवाहन किया। जिला बेसिक शिक्षा गाजीपुर हेमंत राव ने कहा कि जिस तरह पिछले शैक्षिक सत्र में जो उपलब्धि जनपद को प्राप्त हुई थी इस वर्ष भी उसी उर्जा के साथ 6 से 14आयु वर्ग के बच्चों का नामांकन परिषदीय विद्यालयों में कराकर प्रदेश में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने हेतु बेसिक विभाग गाजीपुर कटिबद्ध है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गाजीपुर ने वंचित वर्ग,बाफोर्स, एवं मुसहर वर्ग के बच्चों को शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़ने हेतु न्याय पंचायत से लेकर ब्लाक स्तर तक की कार्ययोजना पर कार्य करने का विश्वास कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय को दिलाया। कार्यक्रम में खण्ड विकास अधिकारी,जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता,ए०आर०पी० आदि लोग उपस्थित थे। अंत में खण्ड शिक्षा अधिकारी देवकली उदय चन्द्र राय ने सभी आगुन्तको का आभार व्यक्त किया।

## चंदनी पब्लिक स्कूल में नया सत्र प्रारंभ

बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण

**प्रधानाचार्य आशीष प्रधान ने बच्चों को तिलक लगा कर नए सत्र का किया प्रारंभ**

मुहम्मदाबाद क्षेत्र के चंदनी पब्लिक स्कूल सुरतापुर में नए सत्र का प्रारंभ प्रधानाचार्य आशीष प्रधान ने बच्चों का तिलक लगाकर किया।इसके बाद




सभी अध्यापकों ने बच्चों का तालियां बजाकर स्वागत किया।नवागत प्रधानाचार्य आशीष प्रधान ने कहा कि बच्चों को नए सत्र में नए कलेवर के साथ सीबीएससी के मानकों के अनुसार बच्चों को शिक्षा दी जाएगी।बच्चों में क्रियाकलापो का बढ़ावा दिया जाएगा और छोटे बच्चों को खेल खेल और स्मार्ट क्लास के जरिये शिक्षा दी जाएगी जिससे अभिभावकों को बच्चों की शिक्षा के लिए दूर न जाना पड़े।विद्यालय के निदेशक नवीन राय व कार्यकारी निदेशक प्रवीण पीयूष राय ने बच्चों को शुभकामनाए दी।इस अवसर पर माधव सरकार ,अरविंदराय, दीपमाला, आशुतोष, नैनिका, मोहम्मद यूसुफ,अंजिलेश राय, सईदा,अफसाना, पंचम आदि ने बच्चों का स्वागत किया।

## आईपीएल के बीच भारतीय टीम को हुई बहुत बड़ी क्षति, पूर्व सलामी बल्लेबाज का हुआ निधन

देश में आईपीएल के 16वें संस्करण का रोमांच अपने चरम पर है. इस बीच खेल प्रेमियों के लिए एक बेहद ही दुखद भरी खबर निकलकर सामने आई है. टीम इंडिया के लिए साल 1974 में तीन टेस्ट मुकाबले खेलने वाले पूर्व सलामी बल्लेबाज सुधीर नाईक का संक्षिप्त बीमारी की वजह से निधन हो गया है.

## बाल-बाल बचे यात्री अनियंत्रित बस रेलिंग तोड़कर डिवाइडर चढ़ी, बड़ा हादसा होने से टला

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

अफजलगढ़ नेशनल हाईवे 74 धामपुर मार्ग पर बुधवार की भोर प्रातः एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया।जब एक लोनी डीपो की रोडवेज बस अनियंत्रित होकर हाइवे पर बनी रेलिंग पर चढ़ गई। गनीमत रही बस रुक गई, वरना बड़ा हादसा हो सकता था।जानकारी अनुसार चालक ताजीम व परिचालक मुकेश सुबह 5 बजे यात्रियों को लेकर एक रोडवेज बस यूपी 30टी 7130 पुराना कालागढ़ से दिल्ली जा रही थी,तभी गांव भूतपुरी समीप बस का स्टेयरिंग फेल हो जाने कारण बस चालक ने बस से अपना नियंत्रण खो दिया। और बस अनियंत्रित होकर हाइवे पर बनी रेलिंग तोड़कर कर बिजली के पोल से जा टकराईं गई। गनीमत रही बस बिजली पोल जा कर रुक गई। हादसे के बाद बस में सवार लोगों में चीख पुकार मच गई। बस में सात यात्री सवार थे घटना की जानकारी मिलने पुलिस ने मौके पर पहुंची और दुर्घटना ग्रस्त बस को क्रेन की मदद से हटाकर मार्ग को सुचारू रूप चालू कराया।



## फिल्म निमार्ता व भाजपा कार्यकर्ता वसीम कुरैशी ने मलिक फुटवियर शॉप का किया शुभारंभ

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद में फिल्म निमार्ता एवं भाजपा कार्यकर्ता वसीम कुरैशी ने मलिक फुटवियर शॉप का फीता काट कर उद्घघाटन किया





बुधवार को भारतीय जनता पार्टी से चैयरमैन पद के भावी उम्मीदवार वसीम कुरैशी ने हरिद्वार रोड स्थित मलिक फुटवियर शॉप का फीता काट कर शुभारंभ किया। वही शॉप के मालिक इफ्तेखार मलिक ने वसीम कुरैशी को शॉल ओढ़ाकर सम्मनित किया। इस अवसर पर वसीम कुरैशी ने शॉप के मालिक इफ्तेखार मलिक को बधाई दी।

वही मलिक फुटवियर शॉप के मालिक इफ्तेखार मलिक ने कहा कि अब नगर में ही एक ही शॉप पर वुडलैंड, लिबर्टी, नाइक, एडीडास, बाटा, लखानी आदि कई ब्रांडेड कंपनी के जूते और चप्पल रियाती दरों पर उपलब्ध है। क्षेत्रवासियों से अपील है कि एक बार मलिक फुटवियर शॉप पर जरूर आये और सेवा का मौका दे। उद्घघाटन में इफ्तेखार मलिक, अनवर मलिक,पप्पू मलिक, राजा मलिक, फुरकान मलिक,रिजवान मलिक, हाजी कमरू, अयान मलिक, अम्मार मलिक, राजा मलिक, गुलजार मलिक, हाजी शमीम राईन, हाजी नवाब राइन, हाजी शमीम कुरैशी, मास्टर मोहम्मद असलम, इरफान कुरैशी, शाकिर सैफी, इकराम कुरैशी, तरनजीत सिंह, परमिंदर सिंह, राजू मिश्रा, सुरेन्द्र कुमार सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## नगीना फायर ब्रिगेड ऑफिस के पास मिला एक बुजुर्ग का शव

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना के फायर ब्रिगेड के समीप एक शव मिलने से सनसनी फैल गई जिसकी सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जानकारी जुटाई प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि ग्राम भरतपुर निवासी चमन सिंह अपनी रिश्तेदारी से वापस आ रहा था आते समय नगीना थाना क्षेत्र के फायर ब्रिगेड ऑफिस के पास उस बुजुर्ग की मृत्यु हो गई मृतक बुजुर्ग चमन सिंह के पुत्र ने बताया कि यह पास के ही गांव से रिश्तेदारी से वापस लोट रहे थे इस दौरान नगीना के समीप पहुंच कर इनकी मृत्यु हो गई । इस दौरान मौके पर पहुंचे थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार वशिष्ठ उप निरीक्षक संजय कुमार त्यागी ने मृतक के परिजनों को ढाढस बंधाया तो वही मृतक की पारिवारिक स्थिति कमजोर होने के कारण थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार वशिष्ठ ने निजी खर्च पर शव को पोस्टमास्टम के लिए बिजनौर भेजा इस सब को देख शहर में थाना प्रभारी की नरम दिली की हर तरफ चर्चा हो रही है।



## बोतल मे दिख रही मदीना की मीनारों को लेकर अफवाहो का बाजार गर्म

**शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

बिजनौर में पानी की बोतल में दिख रही है मदीना की मीनारें कि तस्वीर को लेकर अफवाहों का बाजार गर्म है आपको बता दें जनपद बिजनौर की हर गली में चर्चा का विषय बना हुआ है कि पानी की बोतल में मदीना की मीनारें और की तस्वीरें साफ दिखाई दे रही हैं कुछ लोगों का दावा है रमजान के महीने में यह खुदा का कोई करिश्मा है सच क्या है यह तो बाद में ही पता चलेगा फिलहाल अफवाहों का बाजार गर्म हो रहा है।





## विद्युत तार सर्किट से 2 बीघा गेहूं की फसल जलकर खाक

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

मुसाफिरखाना क्षेत्र के कस्थुनी पूरब गांव के सिवान में विद्युत तार सर्किट से गेहूं की फसल में आग लगने से 2 बीघा फसल जलकर खाक हो गयी सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड एवं ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

बुधवार की दोपहर क्षेत्र के कस्थुनी पूरब गांव निकट सिवान में गेहूं की फसल में विद्युत तार सर्किट से आग लग गयी देखते देखते अरविंद कुमार सिंह प्रवीण कुमार सिंह अजय सिंह पुत्र गण इंद्रसेन सिंह व बृजभान सिंह नईम खान के लगभग 2 बीघा से अधिक गेहूं की फसल जलकर खाक हो गयी सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड एवं ग्रामीणों के सहयोग से कड़ी मशक्कत के उपरांत आग पर काबू पाया गया मौके पर पहुंचे राजस्व कर्मियों ने क्षति का आकलन करते हुए औपचारिकता पूर्ण की।



## गुलदार के हमले से किशोरी घायल मां ने गुलदार से मुकाबला कर अपनी बच्ची को बचाया

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

अफजलगढ़। बुधवार को रेहड़ थाना क्षेत्र के एक गाँव में गुलदार ने हमला कर 12 वर्षीय किशोरी को गंभीर घायल कर दिया। इस दौरान माँ ने बहादुरी का परिचय देते हुए गुलदार का सामना किया और अपनी बच्ची को गुलदार से छुड़ा लिया। शोर सुनकर मौके पर पहुँचे ग्रामीणों ने घायल किशोरी को सीएचसी में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम भटपुरा निवासी पूनम देवी पत्नी छत्रपाल सिंह अपनी पुत्री सिंजल 12 वर्ष के साथ पदम सिंह के खेतों में गन्ना बुवाई करने हेतु मजदूरी करने गई थीं पास के ही गेहूं के खेत में छुपे बैठा गुलदार ने किशोरी पर हमला कर गला पकड़ लिया और खींचकर गेहूं के खेत में ले जाने लगा किशोरी की चीख सुनकर मजदूर महिलाएं दौड़ पड़ी उन्होंने जबरदस्ती गुलदार के मुंह से किशोरी को छुड़ाया गुलदार ने दोबारा हमला करने का प्रयास किया परंतु मजदूर महिलाओं की बहादुरी के चलते गुलदार खेतों में भाग गया जिसको लेकर क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है परिजनों ने किशोरी को तुरंत लाकर सीएचसी अफजलगढ़ भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद फार्मेसिस्ट मनोज कुमार शर्मा आदि ने उसकी गंभीर अवस्था देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया थाना क्षेत्र में एक सप्ताह में यह गुलदार का तीसरा हमला है गुलदार के लगातार हो रहे हमलों को देखते हुए किसानों में और खेतों पर काम करने वाले मजदूरों में जबरदस्त खौफ का माहौल है।





## जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने सड़क बढ़ती दुर्घटनाओं देखते हुए संवेदशनशील स्थानों पर यातायात प्रतीक चिन्ह तथा रिफिलेक्टर लगवाने के दिए निर्देश

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

बिजनौर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने जिले में हुए सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या के दृष्टिगत जिले के दुर्घटना बाहुल्य स्थानों की गहन समीक्षा करते हुए सभी संवेदशनशील स्थानों पर यातायात प्रतीक चिन्ह तथा रिफिलेक्टर लगवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना एक राष्ट्रीय समस्या का रूप धारण करती जा रही है, जिसको रोकने के यदि उपाय नहीं किये गये तो यह विकराल रूप धारण कर सकती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सड़क पर कोई भी अनफिट वाहन संचालित होता हुआ नजर आए तो तत्लकाल उसको जब्त कर वाहन स्वामियों के खिलाफ कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा समाज के हर व्यक्ति की सुरक्षा व जिंदगी से जुड़ी हुई है इसलिए यह कार्य प्राथमिकता पर होना चाहिए।

जिलाधिकारी श्री मिश्रा आज पूर्ववाहन 11:30 बजे कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं पर अपेक्षित नियंत्रण स्थापित करने के लिए ब्लैक स्पोर्ट्स पर रंबल स्ट्रिप, साइनेज आदि कार्य कराएं। उन्होंने अधिकारियों को रेड लाइट जंपिंग, ओवर स्पीडिंग, ओवरलोडिंग, मोबाइल फोन व शराब पी कर वाहन चलाने वालों के विरूद्व साथ ही अनाधिकृत वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य मार्गों पर दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं घालय व्यक्ति तक तत्काल उपचार उपलब्ध कराने के लिए विशेष बल दिया जाये। उन्होंने जिले के राज्य मार्गों पर पुलिस विभाग द्वारा पैट्रोलिंग बढाने तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा चयानित स्थलों पर एंबुलेंस उपलब्ध रखने के निर्देश दिये, जिससे समय से उपचार मिलने पर घालय व्यक्तियों को बचाया जा सके।

उन्होंने सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि जिले में बिना फिटनेस संचालित स्कूल वाहनों की फिटनेस कराकर उनकी सूची तत्काल उपलब्ध कराएं। उन्होंने निर्देश दिए कि निरीक्षण में मानक अनुरूप पाये जाने वाले वाहनों को ही स्कूल के छात्र/छात्रों को लाने-ले जाने की अनुमति प्रदान की. जायेगी। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि मानकों के अनुरूप न पाए जाने वाले वाहन यदि मार्ग पर संचालित पाये जाते है, तो प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए वाहन के पंजीयन निलम्बन की कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन शिव शंकर सिंह ने बताया कि जिले में ब्लैक स्पॉट्स, जिसमें से नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे तथा एमडीआर / ओडीआर पर ब्लैक स्पॉट्स चिन्हित किए गए हैं तथा शुगर मिल व परिवहन विभाग द्वारा अभियान चलाते हुए रिफलेक्टर युक्त लाल कपड़ा लगाए जाने की कार्यवाही टैक्ट्र ट्रालों एवं ट्रकों पर की गई। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में अपंजीकृत ई-रिक्शाओं के विरुद्ध अभियान चलाकर उन्हें अवैध रूप में संचालन न किए जाने के संबंध में चेतावनी दी गई।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक शहरी डा0 प्रवीण रंजन, मुख्स चिकित्साधिकारी विजय कुमार गोयल, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन गौरी शंकर ठाकुर, जिला विद्यालय निरीक्षक रामाज्ञ कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी, ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।




## पुलिस सैलरी पैकेज के तहत कैंप लगाकर खोले खाते

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

मुसाफिरखाना क्षेत्र में बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा मुसाफिरखाना में पुलिस सैलरी पैकेज योजना के तहत कैंप लगाकर खाते खोले गए पुलिस सैलरी पैकेज योजना के अंतर्गत 1करोड़ रुपए तक के दुर्घटना बीमा का प्रावधान है मौके पर थाना कोतवाली एस एच ओ अमर सिंह ने पुलिसकर्मियों को खाता खुलवाने हेतु प्रेरित किया इस मौके पर बैंक ऑफ बड़ौदा के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक अरविंद कुमार मेहता बैंक अधिकारी संदीप गुप्ता मयंक कुमार आदि उपस्थित रहे



## दिशा के क्रियान्यवन संबन्ध में जिलाधिकारी अमेठी व पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा की गयी समीक्षा बैठक

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

आज जिलाधिकारी अमेठी श्री राकेश कुमार मिश्र व पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा दिशा के संबन्ध में पूर्व में हुई गोष्ठी से संबन्धित कार्यों के क्रियान्वयन हेतु कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में समीक्षा बैठक कर संबन्धित को आवश्यक आदेश निर्देश दिए गए । इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी अमेठी , अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी व अन्य अधि0/कर्मदगण मौजूद रहे।



## शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा कस्बा जामो में किया गया पैदल गस्त

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

आज पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा शांति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाये रखने हेतु तथा ह्लमिशन शक्तिह्व नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के दृष्टिगत महिलाओं एवं बालिकाओं में सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से तथा आमजनमानस में विश्वास व सुरक्षा का वातावरण बनाने के उद्देश्य से पुलिस बल के साथ कस्बा जामो में बाजार एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पैदल मार्च किया गया तथा मुख्य मार्गों, चौराहों आदि पर विशेष चेकिंग अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं, वाहनों तथा नई उम्र के लड़कों की चेकिंग व पूछताछ की गई तथा वहाँ पर मौजूद स्थानीय लोगों एवं दुकानदारों से वार्ता की गई।



## सभी बैंकों में लगाए जाएं लाड़ली बहना योजना का पोस्टर

बैंक खाता आधार से लिंक और डीबीटी इनेब्ल्ड कराने में महिलाओं को ना हो परेशानी

रायसेन। विशेष जिला परामर्शदात्री समिति और जिला निगरानी समिति की बैठक कलेक्टर अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, महिलाओं की समग्र आईडी में ई-केवायसी, महिलाओं का बैंक खाता आधार से लिंक और डीबीटी इनेब्ल्ड की कार्य प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों तथा संबंधित अधिकारियों को कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, जिससे कि जल्द से जल्द सभी पात्र महिलाओं के आवेदन भरे जा सके। कलेक्टर ने बैंक प्रतिनिधियों से कहा कि बैंक में लाड़ली बहना योजना की जानकारी संबंधी पोस्टर लगाया जाए तथा एक काउंटर निर्धारित किया जाए। जहां महिलाओं को लाड़ली बहना योजना संबंधी जानकारी प्राप्त हो सके और उन्हें परेशान ना होना पड़े। साथ ही महिलाओं का बैंक खाता आधार से लिंक और डीबीटी इनेब्ल्ड भी किया जाए। इसके अलावा महिलाओं के नए बैंक खाते खोलने में भी सहयोग करें। कलेक्टर श्री दुबे ने पोस्ट ऑफिस में भी महिलाओं के बैंक खाते खोले जाने के संबंध में निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू भदौरिया, एलडीएम एचएस सोनी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। जिले के सभी विकासखण्डों से वीडियो कॉफ्रेंस के माध्यम खण्ड स्तरीय अधिकारी भी बैठक में शामिल हुए।

## नगीना क्षेत्र के गांव काला खेड़ी में भाजपा कार्यकताओं द्वारा बैठक का आयोजन

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना क्षेत्र के ग्राम काला खेड़ी में भारतीय जनता पार्टी द्वारा वूथ सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत बैठक का आयोजन किया गया बैठक की अध्यक्षता लोकसभा प्रभारी व विधान परिषद सदस्य गोपाल अनजान तथा जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान संयुक्त रूप से की। मुख्य अतिथि के रूप में बैठक को संबोधित करते हुए गोपाल अंजान ने कहा कि भाजपा कार्यकताओं को बूथ जीता चुनाव जीता के मंत्र पर काम करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि शक्ति केंद्रों पर नियुक्त सत्यापन अधिकारी बूथ सत्यापन कार्य में लापरवाही ना बरतें। उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल तक सभी शक्ति केंद्रों के सत्यापन अधिकारी वूथो पर जाकर बैठक करेंगे उन्होंने कहा कि 6 अप्रैल को हर बूथ पर स्थापना दिवस मनाना अनिवार्य है। बैठक की अध्यक्षता गोपाल अंजान ने की तथा संचालन जिला उपाध्यक्ष प्रमोद चौहान ने किया बैठक में देवेंद्र चौहान हरी राज सिंह बृजमोहन सिंह जगमोहन सिंह उर्फ गुड्डू देवेंद्र कुमार रोहताश सिंह विकास शर्मा अनिल कुमार जगबीर सिंह उर्फ गब्बर मीनू देवी आदि लोग उपस्थित रहे।



## बंदरों ने युवती पर किया हमला दहशत के मारे छत से नीचे गिरी युवती बुरी तरह से घायल

**दैनिक समाज जागरण,, संवाददाता**

बढ़ापुर कस्बे के एक मोहल्ले में बंदरों का आतंक सामने आया है छत पर खाना बना रही युवती पर बंदरों के झुंड ने हमला बोल दिया जिससे दहशत के मारे युवती छत से नीचे गिरकर बुरी तरीके से घायल हो गई प्राप्त जानकारी के अनुसार मामला मोहल्ला सत्यान का है जहां पर मोहम्मद यूनुस की 17 वर्षीय पुत्री सायमा जो की छत पर लगभग 4 बजे खाना बनाने के लिए गई थी कि अचानक बंदरों के झुंड ने उस पर हमला बोल दिया और युवती के बाल वगैरा खींच लिए जिससे डरी सहमी युवती जान बचाने के लिए भागी अचानक छत से नीचे जमीन पर जा गिरी चीख-पुकार सुनकर दौड़े परिजनों ने युवती को उठाया तो देखा कि बुरी तरह से घायल हो चुकी थी। जिसमें नगर के एक प्राइवेट चिकित्सक के यहां पर उपचार कराया गया चिकित्सक के द्वारा बताया गया है कि नाक की हड्डी में फ्रैक्कर हुआ है माथे पर चोट है इसके अलावा भी शरीर पर कई जगह चोट बताई गई है। गौरतलब है बंदरों के आतंक से कस्बे के लोग काफी परेशान हैं जगह-जगह पर बंदरों का झुंड देखने को मिलता है लोगों पर हमला किया जाता है खासकर महिलाएं छत पर काम करने तक नहीं जा सकती छत पर सूखने के लिए पहले कीमती कपड़े तो बंदरों के द्वारा फाड़े ही जाते हैं साथ ही साथ छत पर महिलाएं अकेले में कोई काम नहीं कर सकती हर वक्त बंदरों की दहशत बनी रहती है कस्बे के अंदर इस वक्त बंदरों का काफी आतंक देखने को मिल रहा है

## कार सवार बदमाशों ने सरिया लदी ट्रक को लेकर फरार -मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

घटना को अंजाम देकर चालक को बनाया बंधक-खुलासे के लिए पुलिस की टीम गठित

मुसाफिरखाना जमशेदपुर से पीलीभीत जा रही सरिया लदी ट्रक को 3 दिन पूर्व कार सवार लुटेरों ने अगवा कर फरार हो गए हुई लूट के मामले में पुलिस के हाथ अहम सुराग लगे है घटना के खुलासे के लिए पुलिस की कई टीमें लगी हुई हैं इस मामले में संदिग्ध लुटेरों की धरपकड़ के लिए सर्विलांस सेल की भी मदद ली जा रही है

घटना बीते 2 अप्रैल की बताई जा रही हैं जमशेदपुर झारखंड से लोहे की सरिया लादकर पीलीभीत जा रहे ट्रेलर ठछ 01क्क243 अलीगंज क्षेत्र स्थित तिवारी ढाबा पर शाम 7 बजे रुक कर चालक सुनील सिंह खाना खाया इसके बाद ट्रक लेकर 7 किलोमीटर आगे पहुंचा ही था कि ट्रक का पीछा कर रहे कार सवार लुटेरों ने ओवरटेक कर ट्रक को रूकवा लिया और चालक को बंधक बनाकर कार में बैठा कर ट्रक लेकर फरार हो गए आरोप है कि ट्रक चालक सुनील सिंह को अयोध्या जिले के गोसाईगंज क्षेत्र में लुटेरे उतार भाग निकले चालक का मोबाइल छूट गया था ग्रामीणों की मदद से घटना की सूचना डायल 112 पर दी मौके पर पहुंची पीआरबी जांच पड़ताल के बाद मुकदमा दर्ज कराने के लिए अमेठी पुलिस के पास भेज दिया घटना के 24 घंटे में मुसाफिरखाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गोपनीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक लूटी गयी ट्रक में जीपीआरएस नहीं लगा था जिसके कारण घटना के खुलासे में पुलिस को मशक्कत करनी पड रही है कोतवाली पुलिस की कई टीमें घटना के खुलासे में जुट गयी हैं इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह से मोबाइल पर जानकारी का प्रयास किया गया तो बात नहीं हो सकी बता दें वर्षों बाद मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र में ट्रक लूट जैसी वारदात की पुनरावृति हुई है इससे पहले तत्कालीन एस ओ मनोज तिवारी के कार्यकाल में सरिया लदी ट्रक लूट कांड की घटना हुई थी हालांकि पुलिस ने इसका खुलासा माल मुलजिम के साथ सप्ताह भर में किया था इसके लिए तत्कालीन पुलिस कप्तान ने खुलासा करने वाली टीम को पुरस्कृत भी किया था।

इनसेट -

सरिया लदी ट्रक लूट कांड के खुलासे में जुटी कोतवाली पुलिस घटना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की बारीकी से जांच कर आगे बढ़ रही है इंस्पेक्टर अमर सिंह स्वयं टीम की मानिटरिंग कर रहे हैं पुलिस का मानना है कि जल्द ही दूध का दूध पानी का पानी होगा।

## आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में जनपद अमेठी को माह मार्च 2023 में मंडल में मिला प्रथम व प्रदेश में द्वितीय स्थान

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

अमेठी अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/नोडल अधिकारी आईजीआरएस ए.के. सिंह ने बताया कि जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र के निर्देशन में आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में माह मार्च 2023 में जनपद अमेठी को अयोध्या मंडल में प्रथम स्थान मिला है इसके साथ ही शिकायतों के निस्तारण में जनपद कि प्रदेश में द्वितीय रैंकिंग है। ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर अमित विश्वकर्मा ने बताया कि माह मार्च 2023 में कुल 2685 शिकायतें प्राप्त हुई जिनका संबंधित अधिकारियों द्वारा समयांतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया गया। जिसके उपरांत शासन द्वारा निर्धारित रैंकिंग में जनपद को मंडल में प्रथम व प्रदेश में द्वितीय स्थान मिला है। ई डिस्टिक मैनेजर ने बताया कि आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल संबंधित अधिकारियों को भेजकर शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराया जा रहा है। शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए हैं कि संपूर्ण समाधान दिवस, थाना दिवस, जनसुनवाई तथा आईजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का समयांतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें तथा शिकायतकर्ता को भी निस्तारण से संतुष्ट करें, जिससे शासन द्वारा शिकायतकर्ता से फीडबैक लेने पर शिकायतकर्ता द्वारा नेगेटिव फीडबैक न दिया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण को लेकर मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा लगातार समीक्षा की जा रही हैं इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाशत नहीं की जाएगी एवं शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न होने की दशा में संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

## क्षेत्राधिकारी तिलोई द्वारा सर्किल तिलोई के थानो के साथ गोष्ठी कर दिए गए आवश्यक आदेश-निर्देश

**समाज जागरण अभिषेक तिवारी अमेठी**

आज क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री अजय कुमार सिंह द्वारा तिलोई सर्किल के प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष के साथ गोष्ठी कर थाना स्तर पर लम्बित आई0जी0आर0एस0 प्रार्थना पत्रों के समयवद्ध, गुणवत्तापूर्वक निस्तारण हेतु आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए । इस दौरान सर्किल के थानो के प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष व आई0जी0आर0एस0 प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु नियुक्त पुलिस कर्म0गण मौजूद रहे ।




## जिलेभर में आज धूमधाम के साथ मनाया जाएगा अंजनी पुत्र हनुमंत लाल जी का जन्मोत्सव

सभी हनुमान मंदिरों पर साज सज्जा के साथ जन्मोत्सव की तैयारियां पूर्ण, होंगे सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के पाठ। रायसेन। प्रति वर्ष की भांति इस बार भी मां अंजनी के पुत्र श्री हनुमंत लाल जी का जन्मोत्सव जिला मुख्यालय सहित जिले भर के सभी श्री हनुमान मंदिरों पर धूमधाम के साथ सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा मनाया जाएगा श्री हनुमान जन्मोत्सव को लेकर जिले भर में गजब का उत्साह देखा जा रहा है। लोग श्रद्धा भाव के साथ श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में हनुमान मंदिरों पर विशेष पूजा पाठ सुंदरकांड के पाठ हनुमान चालीसा पाठ के साथ राम नाम संकीर्तन और भगवान राम तथा श्री हनुमान जी महाराज के जीवन पर आधारित भजनों के कार्यक्रम प्रसादी वितरण कार्यक्रम उत्साह के साथ संपन्न होंगे सनातन धर्म प्रेमियों द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाए जाने की व्यापक तैयारियां की गई हैं । जिले के सुप्रसिद्ध सिहोरा स्थित राम रसिया दरबार एवं बरेली के छिंद दरबार सहित जिला मुख्यालय का गंज बाजार स्थित बालाजी मंदिर, रामपुर बालाजी मंदिर, खुन खुंन वाले बालाजी मंदिर, बावड़ी पुरा बालाजी मंदिर, पाटन देव बालाजी मंदिर चोपड़ा बालाजी मंदिर, गोपालपुर बालाजी मंदिर,रामलीला मैदान हनुमान मंदिर सहित सभी श्री हनुमान मंदिरों पर जन्मोत्सव के उपलक्ष में धूमधाम के साथ धार्मिक कार्यक्रम प्रसादी वितरण भंडारे के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। श्री हनुमान जन्मोत्सव पर होगा विशाल भजन संध्या का आयोजने, जिला मुख्यालय स्थित दशहरा मैदान पर आज श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है जिसमें रात्रि के समय दिल्ली के प्रसिद्ध भजन गायक प्रेम मेहरा श्री हनुमान जी महाराज की महिमा पर आधारित भजन सुनाएंगे आयोजकों ने नगर के सभी सनातन धर्म प्रेमियों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में जनसंख्या देखने एवं धर्म का लाभ उठा जाने की अपील की है।

# 43वां स्थापना दिवस पर विशेष,,राजनीति के सांस्कृतिक बदलाव की धुरी बनी भारतीय जनता पार्टी - विष्णु दत्त शर्मा

भोपाल/ रायसेन/ (समाज जागरण ब्यूरो प्रमुख) विगत 1980 के दशक का कालखंड भारतीय राजनीति का टर्निंग प्वाइंट था, जब जनसंघ के बाद



भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई। स्वाधीनता मिले अभी तीन दशक ही हुए थे कि देश भ्रष्टाचार, परिवारवाद, अपराधीकरण, जातिवाद, तुष्टिकरण, आतंकवाद और आपातकाल जैसे घावों से छलनी होने लगा था। किसे पता था कि आजादी के बाद जिन्होंने राजनीति का उत्तराधिकार पाया, वे अपनी स्वार्थलिप्सा में इतने कम समय में देश को बबार्दी के कगार पर पहुंचा देंगे।वे सत्ता में बने रहने के लिए तुष्टिकरण का ऐसा भ्रमजाल फैलाएंगे कि राष्ट्रीय अस्मिता भी धूमिल हो जाएऔर राष्ट्र की सच्ची पहचान उनके क्षुद्र राजनीतिकनारों से नष्ट हो जाएगी। परन्तु तत्कालीन राष्ट्रवादी समूहों को इसका भान हो गया था और वे भारतीय राजनीति को सही दिशा देने व एक सम्यक विकल्प देने के लिए आगे आए,तब भाजपा की स्थापना हुई। थोड़ा गहराई में विचार करनेसे पता चलता है कि अंग्रेजों के जाने के बाद भी राजनीतिक दलों ने वोट बैंक की गुलामी की एक विशेष चादर ओढ़ ली थी। उनदिनों भारत में भारतीयता की बात करना भी जैसे अपराध होता था। भारत में भारतीय संस्कृति, आध्यात्म, धर्म और उसके विविध विषयों की चर्चा को सांप्रदायिक ठहराया जाता था। ऐसी परिस्थिति में भारत की राजनीति को भारतीयता की ओर उन्मुख करने और उसके सांस्कृतिक सरोकारों कोराजनीति का केंद्र बनाने के लिए भाजपा की नींव पड़ी। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के विराट विचार को लेकर 1980 में आज ही के दिन भारतीय जनता पार्टी की विधिवत स्थापना हुई थी। जिसका एक बड़ा लक्ष्य था, भारत की एकात्मता को बचाना। अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के द्वारा देश को खंडित होने से बचाने के लिए एकात्म मानववाद के मूल दर्शन पर चलना। एक ऐसा दर्शन जो मनुष्य और समाज के बीच कोई संघर्ष नहीं देखता, बल्कि मनुष्य के स्वाभाविक विकास-क्रम और उसकी चेतना के विस्तार से परिवार, गाँव, राज्य, देश और सृष्टि तक उसकी पूर्णता देखता है। अन्य दलों की तरह भारत को नेशन स्टेट की तरह देखने की बजाय भाजपा ने इसे राष्ट्र माना और कहा कि इसका राष्ट्रवाद सांस्कृतिक है केवल भौगोलिक नहीं। भाजपा के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के अन्तर्गत गरीबी मिटाना केवल नारा नहीं, उसका संकल्प था। श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण कोई भाषण नहीं, प्रतिबद्धता थी। कश्मीर में 370 की समाप्ति चुनावी जुमला नहीं, राष्ट्रीय एकात्मताका साक्षात संकल्प था। अब से चार दशक पहले बनी भाजपा के लिए अन्त्योदय स्लोगन नहीं, यह गरीबों का जीवन स्तर ऊंचा करने का सपना था, जिसे पार्टी के किसी भी नेतृत्व ने कभी भी देखना नहीं छोड़ा। 1980 से लेकर अब तकभाजपा के सभी नेतृत्वकर्ता इस सपने को पूर्ण करने में सक्रियरहे हैं। वे उन संकल्पों को साकार करने के लिए दिन-रात अपना श्रेष्ठतम समर्पित करते रहे हैं।वे भावी पीढ़ी को भी इन संकल्पों को साकार करने का सामर्थ्य देते हैं। शोषणमुक्त,समतायुक्त समाज की स्थापना भाजपा का चुनावी मुद्दा नहीं है, यह इसकी मूल दृष्टि है। भारत के सांस्कृतिक मानबिन्दुओं की रक्षा हो, भारत की अखंडता का प्रश्न हो अथवा समाज को समरस रखने की चुनौती हो, सभी मुद्दों पर भाजपा विगत चार दशक से अबाध रूप से अपना संकल्प सिद्ध करती आ रही है। अपने सिद्धांतों पर चलते हुए पार्टी आज 43 साल की यात्रा पूरी कर रही है। इस यात्रा में अनेक बाधाएँ व कठिनाइयां भी आयी हैं परन्तु पार्टी अपने सिद्धांतों व आदर्शों पर अडिग रहते हुए आगे बढ़ती रही है। लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा और उसकी मूल भावना का पालन करते हुए पार्टी ने देश के सभी हिस्सों में जनता का अटूट विश्वास हासिल किया है। आज लोकसभा में 303, राज्यसभा में 93, एमएलए 1420, एमएलसी 150 सहित 16 राज्यों मेंभाजपा नीत सरकारेंहैं। यह इस बात का प्रमाण है कि सारे देश ने एक दल की विचारधारा को समादृत किया है औरभाजपा के राष्ट्रवादी चिंतन से लोग जुड़ते जा रहे हैं। इसलिए स्थापना दिवस के प्रसंग में चुनावी हार जीत के आंकड़ों को दरकिनार कर भाजपा के वैचारिक विस्तार को देखना समीचीन होगा। सन् 1980 में स्थापित पाटीर्तीन दशक के अल्पकाल में ही स्वाधीनता पूर्व के दलों का राष्ट्रीय विकल्प बन गई। साथ ही उन क्षेत्रीय दलों का वर्चस्व तोड़ने में भी कामयाब हुई, जिन्होंने सामाजिक न्याय की आड़ में परिवारवाद, भ्रष्टाचार, लूट-खसोट और वोट बैंक की राजनीति को ही अपना धर्म बना लिया था। लोक लुभावन वादों की क्षणिक व स्वार्थ भरी राजनीति को भी नकारने में भाजपा ही विकल्प बनी है।पार्टी को जब-जब अवसर मिला है उसने समस्याओं के स्थाई समाधान पर ध्यान दिया है। स्थापना के 34 वें साल में जब 2014 में देश ने श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा पर पूरी तरह भरोसा जताया, तब से भाजपा सरकार अपने सभी वादों को एक एक करके पूरा करती आ रही है। श्रीराम मंदिर निर्माण करने, कश्मीर से 370 हटाने के साथ-साथ भारत के सांस्कृतिक आध्यामिक ढांचे के युगानुकूल विकास के कार्यों को भी अमलीजामा पहना रही है। आज भारत की एकात्मता के लगभग सभी तीर्थ केंद्र विकास का नया प्रतिमान गढ़ रहे हैं। सात दशक से उपेक्षा का दंश झेल रहे हमारे आध्यात्मिक केंद्र राष्ट्रवादी दल की सरकार की प्राथमिकता में शामिल हुए हैं और अबउनका गौरव पुनर्स्थापित हो रहा है। दरअसल, भाजपा ने चार दशक में देश की राजनीतिक संस्कृति को बदल दिया है। एक ओर जहां परिवारवादी, तुष्टिकरण और जातिवादी राजनीति का दौर समाप्त हो गया, वहीं अब धर्म-संस्कृति की बात करना सांप्रदायिक होना नहीं है। राष्ट्रवाद की चर्चा अब संकुचित मानसिकता का परिचायक नहीं है। सरकार की ओर से देवालयों का विकास करना, अब ध्रुवीकरण नहीं है। भारतीयता की बात करना और मातृभाषा में काम करना अब पिछड़ापन नहीं है। हिन्दुत्व का विचार अब सर्वग्राही बन गया है। अपनी प्रखर व प्रतिबद्ध कार्यशैली से भाजपा ने देश के राजनीतिक विमर्श को परिवर्तित करने में ऐतिहासिक सफलता पायी है।इस पड़ाव पर भाजपा सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, एकात्म मानववाद तथा अपनी पंचनिष्ठाओं की नींव पर गर्व से खड़ी है। आजादी के बाद भ्रष्टाचार का घुन कब दानव बन गया पता ही नहीं चला। सभी दल भ्रष्टाचार के आकंठ में डूबे हुए नजर आने लगे। पिछले नौ साल में भाजपा की मोदी सरकार ने भ्रष्टाचार को समूल नष्ट करने का जो अभियान चलाया है, उसका असर सारा देश देख रहा है। भ्रष्टाचार में लिप्त कोई भी व्यक्ति मोदी सरकार में बच नहीं सकता। सैकड़ों जेबों से होकर गुजरने वाला सरकारी धन अब सीधे गरीब के खाते में पहुंच रहा है। बिना कटौती अनाज का एक-एक दाना गरीब आदमी की झोली में जा रहा है। बिना रिश्वत के गैस कनेक्शन, प्रधानमंत्री आवास, आयुष्मान कार्ड सहित अनेक योजनाएँ आम नागरिक तक सीधे पहुंच रही हैं। डिजिटल इकोनॉमी में भारत दो साल में ही अव्वल हो गया है, तो इसका कारण यही है कि लाभ का सही हिस्सा हर खाते में सीधा हस्तांतरित हो रहा है। वस्तुतः पार्टी नेतृत्व ने सुशासन की संस्कृति से पार्टी के अन्त्योदय के सिद्धांत को आदर्श रूप में जमीन पर उतारा है। पार्टी की सफलता का यही पैमाना है कि इसकी नीतियों का लाभ पंक्ति के अंतिम पड़ाव पर खड़े व्यक्ति को मिल रहा है। समाज के निचले पायदान पर मौजूद व्यक्ति के कल्याणका अर्थ है गरीब, किसान, ग्रामीण, महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों सहित सभी वर्गों को सुशासन का लाभ मिले। सबको शिक्षा, सबको स्वास्थ्य, सबको अन्न जब मिलता है तब सच्चे अर्थों में सुशासन का संकल्प परिलक्षित होता है।सुशासन अंततः राष्ट्र के गौरव पथ का मार्ग प्रशस्त करता है, जिस पर भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बहुत आगे निकल चुका है। बीडी शर्मा,,,,लेखक भाजपा मध्य प्रदेश के अध्यक्ष एवं खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से सांसद हैं।

# पता नहीं क्यों नाबालिग बेटी मार खुद भी मर गया कानपुर का मजदूर मनोज?

## हत्या और आत्महत्या के लिए लिया जहर का सहारा कहीं गली कूचों मडराते वासना के दरिंदों द्वारा को बेटियों को शिकार बनाए जाने की आशंका से भयभीत तो नहीं था गरीब मनोज

सुनील बाजपेई

कमाने के लिए मुंबई गया मनोज 1 दिन पहले ही दोनों बेटियों के साथ लौटा था अपने गांव पत्नी के घर छोड़कर मायके जाने से भी परेशान था मनोज

कानपुर आज यहां बुधवार की सुबह एक चौंकाने वाली घटना हुई, जहां एक गरीब मजदूर ने अपनी बेटी को जहर देकर मरने के बाद खुद भी जहर खाकर मौत को गले लगा लिया। यद्यपि समाचार लिखे जाने तक घटना की सही वजह का पता नहीं चल पाई है। फिर भी माना जा रहा है कि बेटी को जहर देकर मारने के बाद खुद भी आत्महत्या करने वाला गरीब मजदूर अपनी बेटियों के भविष्य और उनकी इज्जत को लेकर कहीं ना कहीं बहुत चिंतित था। शायद उसे गली कूचों में अक्सर मंडराने वाले वासना के पुजारी दरिंदों द्वारा भी बेटियों को शिकार बनाए जाने की प्रबल आशंका भी सता रही थी।

पुलिस सूत्रों की नजर में शायद यही वजह है कि उसने अपनी बेटी को जहर देकर मार डालने के बाद खुद भी मौत को गले लगा लिया।

फिलहाल पुलिस दोनों की लाश को पोस्टमार्टम के लिए फिलहाल पुलिस दोनों की लाश को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद घटना की सही वजह पता लगाने में जुट गई है

इलाके में चर्चा का विषय बनी यह घटना कानपुर में सजेती थाना क्षेत्र के बीबीपुर गांव में बुधवार सुबह करीब 10:00 बजे हुई। यहां रहने वाला मनोज कुमार (40) पुत्र स्व. इंद्रपाल कोरी मुंबई में रहता था। उसके साथ उसकी पुत्री मंजीता देवी (13) और छोटी बहन दुर्गा (10)



भी रहती थी।

पुलिस के अनुसार वह कल मंगलवार की शाम

मुंबई से दोनों बेटियों के साथ अपने गांव लौटा था। जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई तब ग्रामीणों की मदद से दोनों को हमीरपुर जिला अस्पताल ले जाया, जहां डाक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।

मौके पर पहुंची पुलिस को छोटी बेटी दुर्गा ने बताया कि शाम करीब सात बजे उसने बेटियों के साथ नमकीन खाई थी और सो गए। रात में पिता मनोज उठे थे और उससे बोले कि आज सब लोग जहर खाएंगे। उसने मना कर दिया और सो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच की। इसबीच कच्चे घर में दो कप, नमकीन के फटे पैकट आदि मिले। गांव वालों द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक

मृतक मनोज की पत्नी सविता 5 वर्ष पहले झगड़ कर अपने मायके बारीपाल सजेती चली गई थी। इससे भी मनोज बहुत परेशान था और इसी के बाद वह गांव छोड़कर कमाने के लिए दोनों बेटियों को भी साथ लेकर मुंबई चला गया था` वहां से कल मंगलवार को ही वह वापस लौटा था `कल वापस लौटने के बाद पता नहीं ऐसा क्या हुआ जिसके चलते उसने अपनी बेटी को दहेज देकर मारने के बाद खुद भी वहीं शहर खाकर मौत को गले लगा लिया। पुलिस ने बताया कि गहन छानबीन के जरिए घटना की वजह पता लगाई जा रही है ,जिससे निकले निष्कर्ष के बाद ही अगली कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी

# तेज रफ़्तार यात्री बस पेड़ से टकराई, कई यात्री हुए घायल

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(06अप्रैल )बुधवार दोपहर एक तेज रफ्तार बस पेड़ से टकरा गई। इसमें बस संचालक सहित पांच लोग घायल हो गए। बस परसवाड़ा से लामता होते हुए बालाघाट आ रही थी। तेज रफ्तार बस लामता रोड पर काला पानी से आगे सड़क से उतरकर पेड़ से टकरा गई। दुर्घटना के बाद से ड्राइवर मौके से फरार है।

इसकी सूचना मिलते ही परसवाड़ा के नगर निरीक्षक जितेन्द्र बघेल टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आनन-फानन में घटना में घायल हुए लोगों को 108 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परसवाड़ा पहुंचाया गया। हादसे में बाल-बाल बचे एक शिशु और एक बालिका को नगर निरीक्षक जितेन्द्र बघेल ने अपने वाहन से घर तक पहुंचाया। गनीमत रही कि उक्त छोटे बच्चों को कुछ नहीं हुआ, नहीं तो अचानक घटी इस घटना मे शिशु के जान को खतरा हो सकता था।

रखा यात्री ने बताया कि वे और उनका 8 लोगों का परिवार बस में सवार था। इसमें उनके साथ ही तकरीबन 15-16 लोग बस मे सवार थे। तेज गति से परसवाड़ा से तकरीबन मध्याह्न 12 बजे लामता



बालाघाट जा रही अमन बस के चालक ड्राइवर से बस अचानक अनियंत्रित हो गई। सड़क को छोड़कर बस एक पेड़ से टकरा गई। पांच घायलों को 108 की सहायता से अस्पताल पहुंचाया।

ये हुए घायल

चार घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घायलों में अमन बस के संचालक विनोद उइके पिता प्रेमलाल (37) निवासी बालाघाट भी बस में सवार थे। दुर्घटना में राकेश सुरेधर पिता भवानी सुरेधर (31) निवासी गर्रा बालाघाट को दोनों पैरों पर चोट आई है। निकिता गौरे पिता नेतलाल गौरे (20) निवासी बालाघाट को कमर में चोट है। पूजा सुरेधर पति राकेश सुरेधर (31) निवासी बालाघाट को पैरों पर चोट है। अरूना बाई बारेकर पति स्व. सुद्द बारेकर (50) निवासी परसवाड़ा को मुंह में चोट है। पूजा को छोड़कर चारों घायलों को बालाघाट रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने घायलों के बयान लेकर जांच शुरू कर दी है।

# अतिक्रमण के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए- कलेक्टर

## लाडली बहना पंजीयन, सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई, समाधान की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने टीएल बैठक में दिए निर्देश

अनूपपुर 5 अप्रैल 2023/ कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में आयोजित टीएल बैठक में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना के पंजीयन तथा ई-केवाईसी की गहन समीक्षा करते हुए पंजीयन और ई-केवाईसी के बीच गैप ना रहे इसे ध्यान रखते हुए कार्य करने के निर्देश दिए कलेक्टर ने पोर्टल पर प्रदर्शित आंकड़ों की स्थिति के आधार पर जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों से समीक्षा करते हुए मार्गदर्शन प्रदान किया गया

टीएल बैठक में कलेक्टर ने जिले के विद्यालयों तथा खेल मैदानों की बाउंड्री वॉल के संबंध में निर्देश दिए गए बैठक में ग्रामीण आजीविका स्व सहायता समूह के द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं के गणवेश सिलाई के कार्यो की भी समीक्षा की गई इस संबंध में आजीविका मिशन के अधिकारी ने बताया कि 70 स्व सहायता समूह के द्वारा 15 केंद्रों में गणवेश सिलाई का कार्य जिले में किया जा रहा है बैठक में प्रधानमंत्री आवास शहरी की समीक्षा के करते हुए कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ट ने नगरीय निकायों के अधिकारियों को आवास के लक्ष्य, आवास समर्पण तथा अटैचमेंट के डाटा को मैच होने के संबंध में आवश्यक निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा उपलब्ध कराई गई राशि का अंतरण संबंधित हितग्राहियों के खाते में तत्काल सुनिश्चित किया जाए बैठक में राजस्व ग्रामों के ड्रोन सर्वे ,स्वामित्व योजना, संबल पंजीयन ,आईटीआई के द्वारा आयोजित किए जाने वाले प्लेसमेंट कैंप, समाधान ऑनलाइन, जनसुनवाई आदि के संबंध में बिंदुवार चर्चा करते हुए समीक्षा की गई तथा सर्व संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों के संबंध में कलेक्टर ने सर्व संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के निराकरण में तत्परता बरतने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि समय सीमा बाहय प्रकरणों की स्थिति में संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध प्रावधान के अनुसार जुमार्ने की कार्रवाई की जाएगी बैठक में अंतर विभागीय विषयक चर्चा भी अधिकारियों द्वारा की गई

अनूपपुर में खुलेगी स्मार्ट डेयरी

सांची दुग्ध संस्थान द्वारा जिला मुख्यालय अनूपपुर में स्मार्ट डेयरी मिल्क पार्लर के लिए स्थान उपलब्ध कराने की मांग जिला प्रशासन से की गई थी जिसका कलेक्टर की पहल पर निराकरण कर दिया गया है स्मार्ट डेयरी के लिए सामतपुर तालाब के कॉर्नर में स्थान निर्धारित किया गया है शीघ्र ही इस स्थान पर स्मार्ट डेयरी का कार्य प्रारंभ होगा

अतिक्रमण को चिन्हित कर हटाने की कार्रवाई हो टीएल बैठक में कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने जिले भर में अतिक्रमण का चिन्हांकन करते हुए उसे हटाए जाने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए कलेक्टर ने पवित्र नगरी अमरकंटक तथा जिला मुख्यालय के उत्कृष्ट विद्यालय परिसर की बाउंड्री वॉल से लगे स्थान पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई के निर्देश दिए

अमरकंटक में नया पक्का निर्माण नहीं होगा

जिले की पवित्र नगरी अमरकंटक में किसी तरह का नया पक्का निर्माण नहीं हो इसके लिए कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ ने अधिकारियों को ताकीद किया है उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा नए पक्के निर्माण कार्य को प्रतिबंधित किया गया है जिसके पालन में अमरकंटक क्षेत्र में नया निर्माण कहीं पर किया जाता है तो संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए

मीट मार्केट को शिफ्ट करने के निर्देश अनूपपुर स्थित सब्जी बाजार के निकट लगने वाले मीट मार्केट को नगर पालिका द्वारा बनाए नए मीट मार्केट में शिफ्ट करने के निर्देश टीएल बैठक में कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ द्वारा एसडीएम तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए गए उन्होंने कहा कि नवीन मीट मार्केट के आवश्यक निर्माण कार्य को शिफ्टिंग के पश्चात करा लिया जाए

अमरकंटक उप तहसील कार्यालय को प्रारंभ करने के निर्देश पवित्र नगरी अमरकंटक में बनाए गए नवीन उप तहसील भवन कार्यालय को प्रारंभ करने के संबंध में कलेक्टर श्री आशीष वशिष्ठ द्वारा निर्देश दिए गए उन्होंने कहा कि साप्ताहिक बैठक व्यवस्था के अनुरूप कार्यालय को प्रारंभ कराया जाए

# कलेक्टर ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(06अप्रैल )कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने राजस्व अधिकारियों की बैठक लेकर राजस्व प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में अपर कलेक्टर शिवगोविंद मरकाम, बैहर एसडीएम तन्मय वशिष्ट शर्मा, वारासिवनी एसडीएम के सी बोपचे, बालाघाट एसडीएम संदीप सिंह, किरनापुर एसडीएम निकिता सिंह मंडलोई, कटंगी एसडीएम राहुल नायक, लांजी एसडीएम कामिनी ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर बिरेन्द्र रावत, सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं राजस्व निरीक्षक उपस्थित थे।

बैठक में सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्र के बीएओ एवं बीएलए की बैठक लेकर मतदाता सूची के शुद्धिकरण के संबंध में चर्चा करें। जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा के सभी पात्र लोगों के नाम मतदात सूची में जुड़ गये हैं, इस आशय का प्रमाण पत्र तहसीलदारों को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। राजस्व अधिकारियों को उनके क्षेत्र में स्थित प्रायवेट माईंस जो बंद हैं उनका सीमांकन करने के निर्देश दिये गये।

बैठक में सभी तहसीलदारों को अपने क्षेत्र के निष्क्रिय खसरों की जानकारी



प्रस्तुत करने के निर्देश दिये गये। विभिन्न राजस्व मदों की वसूली की समीक्षा में पाया गया कि बीते वर्ष में वसूली कम हुई है। इस पर कलेक्टर डॉ मिश्रा ने कार्ययोजना तैयार कर वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिये। ई-केवायसी नहीं होने के कारण प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के किसानों के प्रकरण समाधान आनलाईन में लगे होने पर ऐसे किसानों की ईकेवायसी शीघ्र कराने के निर्देश दिये गये। बालाघाट, लांजी एवं लालबर्रा तहसील में ऐसे प्रकरण अधिक संख्या में लंबित होने पर उनका शीघ्र निराकरण कराने कहा गया। जिन शासकीय सेवकों के अपात्र होने के बाद भी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की राशि उनके खाते में जमा हुई है उनकी सूची तैयार करने के निर्देश दिये गये। बैठक में बताया गया कि ऐसे 23 हजार 267 अपात्र किसान हैं, जिनके खाते में इस योजना की राशि जमा हुई है। इसी प्रकार मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में 4852 किसानों का सत्यापन किया जाना शेष है, इन किसानों का सत्यापन शीघ्र करने के निर्देश दिये गये।

# 12वीं की छात्रा ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या, पुलिस जाँच में जुटी

**समाज जागरण /शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(06अप्रैल )रूपझर थाना अंतर्गत बुधवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब तालाब के किनारे महुआ पेड़ पर फांसी के फंदे से एक किशोरी का शव झूलता देखा गया।जिसकी खबर मिलते ही आसपास के गांव के लोग भी जमा हो गए। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने कागजी कार्यवाही कर शव नीचे उतारा और पंचनामा कार्रवाई कर शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।प्राप्त जानकारी अनुसार मृतका नाबालिग थी और कक्षा बारहवीं में पढ़ती थी। प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग का होना प्रतीत हो रहा है, जिसकी सूक्ष्मता से जांच की जा रही है।

पुलिस जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात मृतका के परिजन खाना खाकर सो गए थे।वहीं मृतका का पिता खेत में सोने चला गया सुबह जब पिता खेत से घर जा रहा था उसकी नजर तालाब के पास ही महुआ के पेड़ पर गयी जहाँ का दृश्य देख कर उसके होश उड़ गए उसकी लाडली नाबालिक बेटी महुआ के पेड़ पर दुपट्टे से लटकी



दिखी जिसको देख उसकी जान हलक में आ गयी।उसने इसकी सुचना गांव वालों व घर वालों को दिया।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस को एक सुसाइड नोट भी मिला हैं जिसकी जाँच पुलिस कर रही हैं

इसके अलावा मृतका का मोबाइल भी पुलिस ने बरामद किया है। मोबाइल की स्क्रीन में मृतका की किसी लड़के के साथ फोटो है, जिसकी पहचान की जा रही है। पुलिस मोबाइल का लाक खुलवाने का प्रयास कर रही है। सुसाइड नोट की जांच, मोबाइल में रखीं तस्वीरें और काल डिटेल के बाद मामले का खुलासा हो पाएगा। बताया गया कि मृतका अपना मोबाइल परिजनों को नहीं देती थी। वह हमेशा मोबाइल अपने पास रखती थी। घटना के बाद मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं, पूरे गांव मातम पसरा हुआ है।बहरहाल पुलिस हर पहलु को ध्यान में रखकर जाँच कर रही हैं। मामला प्रेम प्रसंग के चलते आत्महत्या का हैं या हत्या का जिसका खुलासा पुलिस जाँच के बाद ही आएगा।

# कलेक्टर ने ली आबकारी विभाग के अधिकारियों एवं ठेकेदारों की बैठक

**समाज जागरण /शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।(06अप्रैल )कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने आबकारी विभाग के अधिकारियों एवं ठेकेदारों की बैठक लेकर जिले में मदिरा दुकानों के संचालन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ, जिला आबकारी अधिकारी सुरेन्द्र कुमार उरांव, अन्य अधिकारी एवं मदिरा दुकानों के ठेकेदार उपस्थित थे।

बैठक में मदिरा दुकानों के ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिये गये कि चालू वित्तीय वर्ष अर्थात 01 अप्रैल 2023 से 31 मार्च 2024 की अवधि में सारी मदिरा एमएसपी और एमआरपी के भीतर ही बिकेगी। शासन के निर्देशों के अनुसार जिले में कहीं पर भी मदिरा दुकानों में मदिरा पान के लिए अहाते संचालित नहीं होंगें। आबकारी विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये गये कि वे जिले में मदिरा दुकानों से मदिरा के क्रय-विक्रय में शासन के नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित



करायें। मदिरा दुकानों के ठेकेदारों को भी सख्त हिदायत दी गई कि वे शासन के नियमों का पालन करते हुए दुकानों का संचालन करें, तभी प्रशासन उनका सहयोग करेगा।

बैठक में मदिरा दुकानों के ठेकेदारों को बताया गया कि जिले में जितनी मदिरा दुकानें वर्तमान में संचालित है, वह वहीं पर रहेंगी। शासन की नई गाईड लाईन के अनुसार जिन मदिरा दुकानों के 100 मीटर की परिधि में स्कूल, मंदिर, मस्जिद जैसे धार्मिक स्थान एवं छात्रावास आ रहे हैं, वही दुकानें हटाई जायेंगी। जिले में ऐसी दो मदिरा दुकानें कम्पोजिट मदिरा दुकान लांजी एवं कम्पोजिट मदिरा दुकान बेनी शासन की नई गाईड लाईन के अनुसार हटाई जायेंगी और आपत्ति रहित स्थान पर स्थानांतरित की जायेंगी।

# जिले में कुंओ और बावड़ियों का निरीक्षण कर उनके सुरक्षित अथवा असुरक्षित होने के संबंध में जांच किए जाने के निर्देश

रायसेन। कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा जिले में नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों में ऐसे कुँए-बावड़ियों, जिन्हें गर्डर-फर्शी, सीमेंट-कॉन्क्रीट या किसी अन्य उपाय से बंद किया गया हो अथवा ढंका गया हो, का शीघ्र सर्वे कर सूचीबद्ध किए जाने के संबंध में पुलिस अधीक्षक, सभी एसडीएम, जनपद सीईओ एवं अन्य अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने इंदौर में बावड़ी दुर्घटना को गंभीरता से लेते हुए भविष्य में इस प्रकार की दुर्घटनाओं को रोकने के लिये कार्यवाही के निर्देश दिये थे।

जिले में संबंधित क्षेत्र के तहसीलदार, थाना प्रभारी, अनुविभागीय अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, अनुविभागीय अधिकारी पीएचई अथवा उपयंत्री, जनपद सीईओ या सीएमओ संयुक्त रूप से ऐसे बोरवेल, कुंओ-बावड़ियों का निरीक्षण कर उनके सुरक्षित अथवा असुरक्षित होने के संबंध में जांच किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। असुरक्षित पाए जाने वाले कुआं, बावड़ी का एसडीएम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस, अनुविभागीय अधिकारी पीएचई अथवा उपयंत्री, जनपद सीईओ अथवा सीएमओ मौके पर जाकर निरीक्षण करेंगे और यदि उन पर अतिक्रमण है तो विधि सम्मत तरीके से हटावाने की कार्यवाही करेंगे। यदि ऐसे बोवरेल, कुआं-बावड़ी ढंके हैं तो उनका कवर हटाया जाकर सुरक्षित किया जाएगा।

इसी प्रकार यदि किसी कुंआ अथवा बावड़ी के पानी का उपयोग पेयजल अथवा निस्तार आदि के लिए किया जा सकता हो तो उन्हें उस रूप में सुरक्षित किया जाएगा। यदि कुंआ अथवा बावड़ी अनुपयोगी है तो उन्हें समुचित रूप से पाटने/भरवाया जाकर सुरक्षित किए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं। किसी संरचना के पुरातात्विक महत्व के होने पर उन्हें उसी रूप में संरक्षित एवं सुरक्षित किए जाने की कार्यवाही संपादित करने के भी निर्देश दिए गए हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि यदि कोई सार्वजनिक बावड़ी अथवा कुआं ऐसा है, जिस पर मुंडेर नहीं है तो उस बावड़ी अथवा कुएं पर स्थानीय प्रशासन/विभाग के माध्यम से मुंडेर बनवाई जाए। यदि निजी अथवा किस संस्था के बावड़ी अथवा कुएं ऐसे पाए जाते हैं, जिन पर मुंडेर नहीं है तो संबंधितों द्वारा मुंडेर बनवाई जाकर उन्हें सुरक्षित कराए जाने के भी निर्देश दिए गए हैं।

# कलेक्टर के आदेशानुसार जिले में 67 अनुपयोगी एवं खुले बोरवेल को कराया गया बंद

रायसेन। जिले में कलेक्टर अरविंद दुबे द्वारा अनुपयोगी अथवा खुले पड़े हुए बोरवेल को लोहे के मजबूत ढक्कन/केप से नट बोल्टों की सहायता से मजबूती के साथ बंद किए जाने के आदेश दिए गए हैं। जिसके परिपालन में जिले में 67 खुले बोरवेल बंद कराए गए हैं। इनमें रायसेन तहसील में 19, बेगमगंज तहसील में 14, गैरतगंज तहसील में 12, औबेदुल्लागंज तहसील में 11, बरेली तहसील में तीन, बाड़ी तहसील में दो, सुल्तानगंज तहसील में दो, सिलवानी तहसील में दो तथा देवरी एवं उदयपुरा तहसील में एक-एक अनुपयोगी/खुले पड़े हुए बोरवेल को मजबूती के साथ बंद कराया गया है। उल्लेखनीय है कि अनुपयोगी एवं खुले नलकूपों/बोरवेल में छोटे बच्चों के गिरने संबंधी तथ्य संज्ञान में आने पर कलेक्टर श्री दुबे द्वारा जिले में दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा-144 के तहत सम्पूर्ण जिले में अनुपयोगी एवं खुले बोरवेल को मजबूती के साथ बंद किए जाने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही संबंधित क्षेत्र के कार्यपालिक मजिस्ट्रेट को क्षेत्र का भ्रमण कर यह व्यवस्था सुनिश्चित करवाने का उत्तरदायित्व सौंपा गया है। इस आदेश का उल्लंघन भादवि की धारा 188 के अंतर्गत दण्डनीय है।